दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 261 | जयपुर | शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष षष्ठी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## 3 दिन में सोना 5,000, चांदी 6,400 रुपए सस्ती

### गोल्ड के दाम 974 घटे, 69,194 प्रति 10 ग्राम बिक रहा; एक किलो चांदी 81800 की

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** बजट में सोना-चांदी की कस्टम ड्यूटी (इम्पोर्ट टैक्स) घटने के बाद 3 दिन में सोना 5,000 रुपए और चांदी 6,400 रुपए सस्ती हो चुकी है। सरकार ने बजट में सोना-चांदी पर कस्टम ड्यूटी को 15% से घटाकर 6% कर दिया है। इससे भाव में ये गिरावट आई है। बजट के दो दिन बाद, यानी 25 जुलाई को सोना 974 रुपए गिरकर 68,177 रुपए पर आ गया है। 23 जुलाई को इसमें 3,616 रुपए और 24 जुलाई को 451 रुपए गिरावट आई थी। वहीं चांदी 3,061 रुपए गिरकर 81,801 रुपए प्रति किलो पर आ गई है।

#### 4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

**दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 64,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 69,950 रुपए है।
**मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 64,000 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 69,820 रुपए है।
**कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 64,000 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 69,820 रुपए है।
**चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 64,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 70,150 रुपए है।
**भोपाल:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 64,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 69,850 रुपए है।



सीबीआई केस

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ी

### ईडी केस में 31 जुलाई तक जेल में रहेंगे; सुप्रीम कोर्ट से जमानत के बावजूद बॉन्ड नहीं भरा

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ा दी। उन्हें तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग केस में भी उन्हें 31 जुलाई तक जेल में ही रहना होगा। दरअसल, 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन उनकी तरफ से अभी तक बेल बॉन्ड नहीं भरा गया है। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। उसके बाद राऊज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें कस्टडी में भेज दिया था। उनके खिलाफ दूसरा मामला सीबीआई का है। जिसमें उन्हें 26 जून को अरेस्ट किया गया था। कोर्ट ने केजरीवाल के अलावा मनीष सिसोदिया, भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी 31 जुलाई तक बढ़ा दी है।

## गैंगस्टर लॉरेंस के भाई ने शूटरों को निर्देश दिए थे : गोली ऐसे चलाना कि सलमान डर जाए; पुलिस की चार्जशीट में इस ऑडियो का जिक्र

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई( एजेंसी )।** सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग केस की 1,735 पन्नों की चार्जशीट में अब नए खुलासे हो रहे हैं। चार्जशीट स्पेशल कोर्ट में 8 जुलाई को दाखिल की गई थी। हालांकि, अभी यह सार्वजनिक नहीं की गई है।

इसमें मुंबई क्राइम ब्रांच ने शूटिंग से पहले शूटर और गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल के बीच बातचीत का ऑडियो क्लिप भी शामिल किया है।

न्यूज एजेंसी PTI ने चार्जशीट के हवाले से बताया कि अनमोल ने शूटरों से कहा था कि ऐसे फायरिंग करना कि सलमान खान को डर लगे। तुम लोग हेलमेट मत पहनना और सिगरेट पीते रहना, ताकि सीसीटीवी फुटेज में घबराए हुए न लगो। 14 अप्रैल की सुबह सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट स्थित घर पर फायरिंग हुई थी।

# मानसून सत्र, निशिकांत दुबे बोले- बांग्लादेशियों की घुसपैठ बढ़ रही

### झारखंड में आदिवासी 10% कम हुए, घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं के साथ शादी कर रहे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का गुरुवार (25 जुलाई) को चौथा दिन था। दोनों सदनों में बजट पर बहस हुई। झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि संविधान खतरे में है। हम यहां हंसने की बात करते हैं, पिछड़ों की बात करते हैं, दलितों की बात करते हैं, आदिवासियों की बात करते हैं। सभी सरकारों (चाहें केंद्र की हो या राज्य सरकारें) का एक ही लक्ष्य होता है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना होता है। मैं संथाल परगना से आता हूं। जब संथाल परगना (झारखंड) बिहार से अलग हुआ, तब यहां आदिवासी 36% थे। आज यहां आदिवासियों की पॉपुलेशन 26% है। 10% आदिवासी कहां गायब हो गए? इसके बार में ये सदन कभी चर्चा नहीं करता, चिंता नहीं करता, बल्कि वोट बैंक की पॉलिटिक्स करता है। झारखंड की सरकार की तरफ से भी इस पर कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा। बांग्लादेश का घुसपैठ लगातार बढ़ रहा है। बांग्लादेश घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं के साथ शादी कर रहे हैं। ये हिंदू-मुसलमान का मामला नहीं है। हमारे यहां जो महिला लोकसभा का चुनाव आदिवासी कोटे से लड़ती हैं, उनके पति मुसलमान हैं। जिला परिषद की अध्यक्ष के पति मुसलमान हैं। हमारे यहां 100 आदिवासी मुखिया है, उनके पति मुसलमान हैं।

#### चन्नी बोले- मणिपुर हिंसा, हाथरस रेप केस, पहलवानों से हिंसा ये सब इमरजेंसी

पंजाब के पूर्व सीएम और जालंधर से कांग्रेस सांसद ने कहा- पंजाब में सिद्धू मूसेवाला जैसे युवाओं को मारा जा रहा है। किसानों को खालिस्तानी बताया जा रहा है। मणिपुर हिंसा, हाथरस रेप केस, पहलवानों से हिंसा सब इमरजेंसी ही है। इससे पहले लोकसभा में संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा- बजट सत्र में सिर्फ बजट पर चर्चा होनी चाहिए। जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनादेश दिया है, आप इसका अपमान करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बिल्कुल ठीक नहीं है। रिजिजू के यह बोलते ही विपक्ष के सांसद हंगामा करने लगे। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने सभी सांसदों से मर्यादा बनाए रखने की अपील की।

#### राघव बोले- टैक्स इंग्लैंड जैसा और सुविधाएं सोमालिया जैसी

आप सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा में कहा कि सरकार के टैक्स इंग्लैंड की तरह बहुत ज्यादा हैं, लेकिन सुविधाएं सोमालिया की तरह बदतर हैं। चुनावों में बीजेपी की दुर्दशा के तीन कारण हैं - इकोनॉमी, इकोनॉमी और इकोनॉमी है।





## पंजाब के सांसद और मंत्री संसद में भिड़े

पंजाब के जालंधर से सांसद चुने गए पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने गुरुवार को संसद में बजट को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उनकी बहस सरकार से शुरू होकर केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू तक पहुंच गई। जिसके बाद दोनों के बीच तीखी बहस हुई और सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

चरणजीत सिंह चन्नी अपने भाषण के अंतिम चरण में थे, तभी उन्होंने लुधियाना से हारे केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू पर निशाना साधा। चन्नी ने सदन में सत्ता पक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि उनमें और ईस्ट इंडिया कंपनी में कोई अंतर नहीं है। उनमें सिर्फ रंग का अंतर है। इस पर बिट्टू ने सांसद चन्नी पर उंगली उठाई।

जिसके बाद चन्नी ने सदन में कहा- बिट्टू के दादा पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह शहीद हुए थे, लेकिन वह उस दिन नहीं मरे, वह तो उस दिन मरे जिस दिन आपने कांग्रेस छोड़ी थी। इस दौरान सदन अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठी संध्या राय ने सीएम चन्नी को व्यक्तिगत टिप्पणी करने से रोका। लेकिन चन्नी ने जवाब दिया कि बिट्टू बीच में टोक रहे हैं और उन्हें परेशान कर रहे हैं।

#### बिट्टू ने जवाब में चन्नी पर किया पलटवार

इस पर रवनीत बिट्टू भी आक्रामक हो गए। उन्होंने चन्नी की ओर इशारा करते हुए कहा कि उनके दादा ने कांग्रेस के लिए नहीं, देश के लिए कुर्बानी दी थी। इसके साथ ही उन्होंने चन्नी पर पलटवार करते हुए कहा कि वह गरीबी की बात कर रहे हैं। पूरे पंजाब में देखा जाए तो उनसे ज्यादा अमीर और भ्रष्ट कोई आदमी नहीं है, तो वह अपना नाम बदल लें। उनका नाम मी-2 में है, सभी मामलों में उनका नाम है। हजारों करोड़ के मालिक यह चन्नी किसे गोरा कह रहे हैं। सोनिया गांधी पहले बताएं कि वह कहां से हैं।

#### केंद्रीय बजट पर चन्नी ने साधा निशाना

गुरुवार को अपने शुरुआती भाषण से ही चरणजीत सिंह चन्नी आक्रामक नजर आए। उन्होंने सत्ता पक्ष पर सवाल उठाते हुए कहा कि सदन में बजट पर बहस हो रही है, लेकिन सदन में न तो मंत्री, न ही वित्त मंत्री और न ही प्रधानमंत्री मौजूद हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि इस बजट में पंजाब के लिए कुछ नहीं दिया गया है। जालंधर का चमड़ा और खेल उद्योग डूब रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है। रेलवे अंडर ब्रिज की कोई बात नहीं हुई। नशा इतना फैल चुका है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद कहा था कि आदमपुर एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखा जाना चाहिए, लेकिन आज तक ऐसा नहीं किया गया।

#### कर्ज पर केंद्र को घेरा

चन्नी ने सदन में सवाल उठाया कि केंद्र ने बजट में 32 लाख करोड़ की आय और 48 करोड़ रुपए का खर्च बताया है। 16 लाख करोड़ का घाटा होगा, इसकी बर्बादी तय है। भाजपा के लोग उस बर्बादी को सुनिश्चित कर रहे हैं। सांसद चन्नी ने सवाल उठाया कि केंद्र इस साल 14 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लेने की बात कर रहा है, ऐसे में अगर वह हर साल कर्ज लेगा तो देश कहां जाएगा।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने पद से इस्तीफे की पेशकश की

पिछले 4 दिन से दिल्ली में; गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने अपने पद से इस्तीफे की पेशकश कर दी है। पिछले 4 दिन से जोशी दिल्ली में है। वे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले भी थे। जोशी ने इस्तीफे की एक बार पहले भी लोकसभा चुनावों के परिणाम आते ही पेशकश कर दी थी। जोशी विधानसभा चुनावों के परिणामों (दिसंबर-2023) में राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही पद छोड़ना चाहते थे। उन्हें पार्टी आलाकमान ने पद पर बने रहने को कहा था। उनके नेतृत्व में पार्टी की सरकार बन गई थी, वे किसी नए नेता को कमान सौंपना चाहते थे। लोकसभा चुनाव में जाने से पहले भी जोशी ने आलाकमान को कहा था, वे स्वयं चित्तौड़गढ़ से चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में प्रदेश भर में चुनाव प्रचार नहीं कर सकेंगे। हालांकि आलाकमान ने उन्हें पद पर बने रहने को कह दिया था। अब लोकसभा के चुनाव परिणाम आए भी करीब डेढ़ महीना हो गया है। ऐसे में उन्होंने अब पद छोड़ने की पेशकश एक बार फिर कर दी है।

#### उपचुनाव को लेकर शाह को दिया था फीडबैक

संसद भवन में सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह से जोशी ने मुलाकात की थी। जोशी ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने पर बधाई दी थी। दोनों नेताओं के बीच राजस्थान की पांच विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई थी।

## कांग्रेस विधायक की साधु-संतों पर टिप्पणी को लेकर हंगामा


### बालकनाथ बोले- घर से बाहर नहीं निकलने दूंगा; श्रवण कुमार ने कहा- दबने वाला नहीं हूं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में गुरुवार को कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार की साधु-संतों पर टिप्पणी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। श्रवण कुमार ने बुधवार को बाबाओं को लेकर सदन में बयान दिया था। गुरुवार को संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल सहित अलवर विधायक बाबा बालकनाथ ने श्रवण कुमार से माफी मांगने को कहा।

टिप्पणी को लेकर विधानसभा में जमकर हंगामा हो गया, इस कारण विधानसभा की कार्यवाही थोड़ी देर के लिए स्थगित करनी पड़ी। हालांकि स्पीकर वासुदेव देवनानी ने श्रवण कुमार की टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटाने का आदेश दे दिया है।

इससे पहले, भाजपा सीनियर नेता डॉ किरोड़ीलाल मीणा के मंत्री पद से इस्तीफे की गूंज विधानसभा में आज फिर सुनाई दी। कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा कि मदन दिलावर और किरोड़ीलाल में विवाद के कारण पंचायतीराज विभाग का सिस्टम बिगड़ गया है। शर्मा ने मंत्रियों के विवाद पर तंज कसते हुए कहा कि किरोड़ीलाल जैसे सीनियर नेता को अर्जी लेकर अफसरों के पास जाना पड़ रहा है। विधायक ने नरेगा में भ्रष्टाचार का मुद्दा भी उठाया। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि हेल्थ डिपार्टमेंट में 50 हजार भर्तियां की जा रही हैं। डॉक्टर व नर्सिंगकर्मियों के सभी खाली पदों को



जल्द भरा जाएगा। वहीं, बीजेपी विधायक कालीचरण सराफ गहलोत सरकार में शुरू हुई नंदकानन योजना पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा की मंदिरों के संरक्षण वाली इस योजना को बिना बजट के ही शुरू कर दिया गया था।

इससे पहले विधानसभा में आज की शुरुआत भी हंगामे से हुई। प्रश्नकाल के दौरान भ्रष्टाचार के मामलों में अफसर-कर्मचारियों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति से जुड़े सवाल पर जमकर नोकझोंक हुई।

हंगामे से नाराज स्पीकर वासुदेव देवनानी ने विपक्षी विधायकों को जमकर फटकार लगाई। देवनानी ने कहा कि आपको बाहर निकालने का प्रस्ताव लाना पड़ेगा।

#### महंत बालकनाथ बोले- माफी मांगिए, संत समाज को इकट्ठा कर दूंगा, घर से नहीं निकलने दूंगा

विधानसभा में श्रवण कुमार के बाबाओं वाले बयान को लेकर बीजेपी विधायक महंत बालकनाथ और कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार के बीच नोकझोंक हो गई। श्रवण कुमार जब अनुदान मांगों पर बोल रहे थे, तब महंत बालकनाथ ने कहा कि आप अपने बयान पर स्थिति स्पष्ट कीजिए, अन्यथा बोलने नहीं देंगे। आपकी विधानसभा से लेकर घर तक पूरे संत समाज को इकट्ठा करना मेरा काम है। मैं घर से बाहर नहीं निकलने दूंगा। आप स्पष्टीकरण दीजिए आप क्या मानते हैं। इस पर श्रवण कुमार ने कहा कि ये कह रहे हैं कि जीने नहीं दूंगा, तो बता दूं मैं जीना पसंद भी नहीं करता हूं। मरना पसंद करते हैं, झुकना पसंद नहीं करते। इस तरह दादागीरी से दबने वाला नहीं हूं, मैं अध्यक्ष की व्यवस्था मानता हूं।

#### बाबाओं पर कांग्रेस विधायक की टिप्पणी पर सदन में हंगामा, कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी

कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार की कल विधानसभा में बाबाओं पर की गई टिप्पणी पर सदन में हंगामा हो गया। चीफ व्हीप जोगेश्वर गर्ग ने श्रवण कुमार के बयान पर आपत्ति जताते हुए माफी मांगने का मुद्दा उठाया। इसका संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने भी समर्थन करते हुए कहा कि बयान घोर आपत्तिजनक है। इस पर बीजेपी विधायक महंत बालकनाथ ने कहा कि इस बयान से पूरे संत समाज आहत हुआ है। अगर व्यक्तिगत रूप से मुझे गाली दी होती तो कोई बात नहीं लेकिन पूरे संत समाज और सनातन संस्कृति का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

श्रवण कमुार ने कहा कि मैंने ऐसा क्या कह दिया। इसके बाद बीजेपी के कई विधायक भी जोर जोर से बोलने ने लगे। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने श्रवण कुमार के बाबाओं से संबंधित बयान को सदन की कार्यवाही से निकालने के आदेश दिए। स्पीकर ने श्रवण कुमार को आगे से सदन में किसी को आहत करने वाला कमेंट नहीं करने को कहा। स्पीकर के फैसले के बाद चीफ व्हीप जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि श्रवण कुमार को माफी मांगनी चाहिए। महंत बालकनाथ और कई बीजेपी विधायकों ने भी माफी की मांग की। सदन में जमकर हंगामा होने लगा। हंगामा बढ़ता देख स्पीकर ने 15 मिनट के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी। विधायक हरिमोहन शर्मा ने मंत्रियों के विवाद और किरोड़ीलाल मीणा के इस्तीफे के प्रकरण पर सरकार पर तंज कसा।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# टोडाभीम नादौती क्षेत्र की विभिन्न मांगो को लेकर कृषि मंत्री किरोड़ी लाल का विभाग को निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र में कृषि विभाग की प्रमुख मांगो को लेकर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रभारी मदन मोहन राजौर के द्वारा कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल से मिलकर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की थी। मदन मोहन राजौर ने बताया कि टोडाभीम विधानसभा एवं आसपास का क्षेत्र खेती किसानी पर निर्भरता वाला एरिया है इसलिए टोडाभीम मुख्यालय पर कृषि विज्ञान केंद्र,उधानिकी विभाग का कार्यालय खोला जाए,ग्राम पंचायत भंडारी(अंदरूनी) मुख्यालय पर सहायक कृषि अधिकारी का पद स्वीकृत किया जाए। गंगापुरसिटी जिले के आसपास क्षेत्र में राजस्थान राज्य बीज निगम का कारखाना लगाया जाए सहित किसानो की तारबंदी स्कीम को छः बीघा के स्थान पर दो बीघा पर लागू किया ताकि अधिक किसान लाभांवित हो सके। जिस पर कृषि मंत्री के द्वारा संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग को निर्देश प्रदान किए है।

# शहादत को सलाम कार्यक्रम आज

## सांसद प्रतापगढ़ी सहित कई अतिथि होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/झुंझुनूं ।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर शुक्रवार को झुंझुनूं में एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शहादत को सलाम नामक इस कार्यक्रम में शेखावाटी के कारगिल युद्ध में विजेता योद्धाओं एवं शहीदों की वीरांगनाओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सलाउदीन चोपदार फाउंडेशन के डायरेक्टर एवं राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार के अनुसार 26 जुलाई को दोपहर 1 बजे झुंझुनूं जिला मुख्यालय स्थित कर्बला मैदान, रोडवेज बस डिपो के पास कार्यक्रम होगा। जिसमें शेखावाटी के सभी पूर्व सैनिक एवं उनके परिजन एवं देशभक्त लोग शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में सांसद इमरान प्रतापगढ़ी एवं मेजर जनरल एजेबी जैनी तथा डॉ. सलाऊदीन चोपदार फाउंडेशन के चैयरमेन डॉ. सत्तार दीवान दोपहर 12 बजे दिल्ली से झुंझुनूं हवाई पट्टी पर पहुंचेंगे। कार्यक्रम के अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल एसपीएस कटेवा, ब्रिग्रेडियर अजीत सिंह, पूर्व आईएएस अधिकारी अशफाक हुसैन, कर्नल शौकत अली सड़क मार्ग से जयपुर से झुंझुनूं सुबह 11 बजे पहुंचेगे। कार्यक्रम में कारगिल शहीदों की वीरांगना, कारगिल योद्धा एवं गेलेन्ट्री अवार्ड सहित 130 लोगों का सम्मान होगा एवं कार्यक्रम में देशभक्त कवि विवेक पारीक, रूकसाना खान अपनी प्रस्तुति देंगे।

# झूठ बोलकर एक युवती ने की शादी, युवती और परिवार के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मानसरोवर थाना इलाके में झूठ बोलकर एक युवती द्वारा शादी करने का मामला सामने आया है। पहले पति को तलाक दिए बिना ही धोखा देकर दूसरे युवक से शादी कर ली। विवाहिता के घर छोड़कर जाने पर पूर्व से शादीशुदा होने का पता चला। थाने में पीड़ित ने पत्नी व उसके परिवार के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। एएसआई जयसिंह ने बताया कि अलवर निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि साल-2019 में परिचित ने बजाज नगर में रहने वाले परिवार के बारे में बताया। अपनी लड़की की शादी के लिए परिवार के लड़का ढूंढने में लगा है। पता चलने पर परिवार से लड़के वालों ने सम्पर्क किया। मिलने को बुलाकर खुद की बेटी को अविवाहित बताकर शादी के लिए दिखाया गया। दोनों परिवारों की ओर से रिश्ता तय होने पर मई-2019 में मानसरोवर स्थित मैरिज गार्डन में शादी करवा दी। आरोप है कि शादी के बाद से ही लडकी के व्यवहार में बदलाव आ गया। अगस्त-2022 में बिना बताए घर छोड़कर चली गई। पीहर जाकर पूर्व विवाह का हलवा देकर वकील के जरिए उसे नोटिस भेजा। पूर्व विवाह के बारे में पता करने लडकी के घर पहुंचने पर परिजनों ने गलती से लिखना बनाया। लडकी को दोबारा ससुरालवालों के साथ भेज दिया। मार्च-2023 में दोबारा बिना बताए घर छोड़कर अपने पीहर आ गई। पता करने पर लडकी के पहले से शादीशुदा होने का पता चला। पहले पति से बिना तलाक दिए उससे शादी करने की जानकारी मिली। पूर्व शादीशुदा होते हुए धोखे से दोबारा शादी करने का पता चलने पर पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया।

# दहशत फैलाने और मारपीट कर लूटपाट करने की वारदात करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दहशत फैलाने और मारपीट कर लूटपाट करने की वारदात करने वाले तीन आरोपितों को धर-दबोचा है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपितों ने एक राय होकर शराब के ठेके को लूटना स्वीकार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दहशत फैलाने और मारपीट कर लूटपाट करने की वारदात करने वाले राकेश हाडा निवासी करधनी जयपुर,मोहम्मद अकरम निवासी गलता गेट जयपुर और तनवीर सिह उर्फ तरुण निवासी करधनी जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपित राकेश हाडा मारपीट और चोरी करने का आदि है। जिसके खिलाफ पूर्व में चार मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

# अब ब्रेस्ट को बचाते हुए कैंसर का विश्वस्तरीय इलाज : डॉ. मनदीप सिंह

## शहर के सीके बिरला हॉस्पिटल में चौथे गुरुवार को दोपहर 12 से 2 बजे उपलब्ध होगी ओपीडी

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर ( का.स. )।** ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रहीं महिलाओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब जयपुर में ब्रेस्ट कैंसर के इलाज के लिए देश के गिने चुने रोबोट-एसिस्टेड फंक्शनल ब्रेस्ट प्रिजवेर्शन सर्जन डॉ. मनदीप सिंह मल्होत्रा की नियमित रूप से ओपीडी सेवाएं शहर के सीके बिरला हॉस्पिटल में उपलब्ध होंगी। डॉ. मनदीप ने इस नई तकनीक से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी कि ओपीडी प्रत्येक माह के चौथे गुरुवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक जयपुर शहर के सीके बिरला हॉस्पिटल में उपलब्ध होगी।

डॉ. मनदीप ने बताया कि हमारे खास रोबोट द विंची की मदद से यह सर्जरी की जाती है। रोबोट एसिस्टेड फंक्शनल ब्रेस्ट प्रिजवेर्शन सर्जरी में, रोबोट को कांख से स्तन में डाला जाता है,जो टिश्यू को हटाकर ब्रेस्ट का रिकंस्ट्रक्शन करता है। इस प्रक्रिया में ब्रेस्ट स्किन और निप्पल दोनों का बचाव होता है। उसे भी सुरक्षित किया जाता है। इस सर्जरी के बाद ब्रेस्ट पहले की तरह प्राकृतिक ही रहते हैं और उनमें पूरी सेंसेशन को भी सुरक्षित रखा जाता है। डॉ. मनदीप ने बताया कि रोबोट-एसिस्टेड फंक्शनल ब्रेस्ट प्रिजवेर्शन सर्जरी से ब्रेस्ट कैंसर का इलाज करने में कई फायदे हैं। पहले ब्रेस्ट कैंसर होने पर पूरा ब्रेस्ट हटाना पड़ता था। यह किसी भी उम्र की महिला के लिए बड़ा मानसिक आघात की तरह होता था। नई तकनीक से अब रोबोट की मदद से ब्रेस्ट को बचाते हुए छोटे चीरे से ही सर्जरी हो जाती है और कैंसर की गांठ निकाल ली जाती है। इस तकनीक से सर्जरी में अंदरूनी संरचना को स्पष्टता से देखा जा सकता है और चीरों का साइज भी काफी कम होता है। साथ ही ब्रेस्ट की त्वचा और निप्पल को बचाने से ब्रेस्ट सेंसेशन पहले की तरह बनी रहती है, और इस तरह स्तनों में पहले जैसा अहसास रहता है। रोबोट की मदद से यह सर्जरी काफी आसान होती है। सीके बिरला हॉस्पिटल की सीनियर ब्रेस्ट एंड एंडोक्राइन सर्जन डॉ. अनुकृति सूद ने बताया कि महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर सबसे ज्यादा पाए जाने वाला कैंसर है। महिलाओं में कैंसर के करीब 26.6 प्रतिशत मामले स्तन कैंसर के ही पाए गए हैं, जो वाकई चिंता का विषय है। हर साल स्तन कैंसर के कुल मरीजों में से 13.7 प्रतिशत मरीजों की मृत्यु हो जाती है। 2022 में 192,020 नए मामले सामने आए थे। महिलाओं में कैंसर से होने वाली मृत्यु में ब्रेस्ट कैसर सबसे बड़ा कारण है।

# वूमेन पावर सोसियलिटी फाउंडेशन ने प्रदेश स्तर पर की नियुक्ति

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** महिला एवं बाल विकास को समर्पित सामाजिक कार्यों एवं महिला सशक्तिकरण में अग्रणी संस्था डब्ल्यूपी वूमेन पॉवर सोसियलिटी फाउंडेशन ने महिला जनजागृति, सशक्तिकरण, शिक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देते हुए नियुक्तियों में विस्तार किया है। जिसमें सर्वप्रथम डॉक्टर ललिता वर्मा को युवा महिला शक्ति की प्रदेश अध्यक्ष, मानसी मीरवाल को महिला युवा छात्र संघ प्रदेश अध्यक्ष, अनिता शेखावत प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति विभाग, सी.एल. टाटावत प्रदेश अध्यक्ष फ्री भोजन कैम्प के पद पर नियुक्त किए गए है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकन्या (योगिता) के निर्देशानुसार राष्ट्रीय संयोजक संतोष कुमार ने सभी नियुक्तियों के आदेश जारी किए गए हैं। डब्ल्यूपी वूमेन पॉवर सोशलिटी फाउंडेशन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य एवं संगठन को आगे बढ़ाने और मजबूत करने की कामना करती है।

# चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में भागवत कथा का शुभारंभ

## भागवत कथा के तहत निकली भव्य कलश पोथी यात्रा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** श्रावण मास के अंदर शहर के विभिन्न संस्थाओं की ओर से कथाए आयोजित की जा रही है । इसी कड़ी में श्री राधा गोविंद देव जी की कृपा से श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर झोटवाड़ा रोड बनी पार्क में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा आयोजक हनुमान प्रसाद गोयल ने बताया कि भागवत कथा से पहले श्री गढ़ गणेश मंदिर जलदाय विभाग पानीपेच से कलश यात्रा निकाली गई पोथी की विधिवत पूजा अर्चना कर कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। महिलाएं एक ही गणवेश में मंगल गान करते हुए भजन कीर्तन करते कलश यात्रा में शामिल हुई ।जगह-जगह यात्रा का स्वागत सत्कार किया गया । कथा स्थल पहुंचकर यात्रा संपन्न हुई कथा से पूर्व गोयल परिवार के परिजनों ने व्यास पीठ की पूजा अर्चना कर व्यास पीठ की महाआरती की ।

कथावाचक आशीष व्यास शास्त्री अपनी संगीतमय वाणी से भक्तों को कथा का रसास्वादन करवा रहे हैं । कथा के प्रसंग में भागवत कथा का महात्म्य भागवत कथा के सुनने की विधि जितने भी ग्रंथ है उनका सार भागवत कथा है । एक पलड़े के अंदर धार्मिक ग्रंथ रखे जाएं और दूसरे पलड़े में यदि भागवत कथा ग्रंथ रखा जाए तो भागवत कथा का पलड़ा ही भारी रहेगा। कथा प्रतिदिन 2 से 6 बजे तक होगी कथा की पूर्णाहुति 31 जुलाई को विधि विधान से होगी।

# छात्र-छात्राओं तथा सीआईएसएफ के जवानों के लिए आपदा राहत डेमो-उपकरण प्रदर्शनी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर में एसडीआरएफ राजस्थान ने सीआईएसएफ की 8 वी बटालियन और केन्द्रीय विद्यालय सात में आपदा राहत जन-जागरूकता कार्यक्रम, डेमो-उपकरण प्रदर्शनी तथा एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। एसडीआरएफ राजस्थान कमाण्डेन्ट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि गुरुवार को एसडीआरएफ जयपुर की टीम की ओर से सीआईएसएफ 8वी बटालियन के मुख्यालय आमेर जयपुर में केन्द्रीय विद्यालय सात के छात्र-छात्राओं तथा सीआईएसएफ के जवानों के लिए आपदा राहत डेमो-उपकरण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीआरएफ के जवानों द्वारा डेमोस्ट्रेशन प्रस्तुत किया गया। जन-जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रशासन तथा छात्र-छात्राओं एवं सीआईएसएफ अधिकारियों-जवानों को प्राथमिक चिकित्सा उपचार, भूकम्प, बाढ, घरेलू सिलेंडर में आग, दुर्घटना के समय किए जाने वाले उपाय एवं बचाव के बारे में जानकारी दी गई। इसके पश्चात एसडीआरएफ के पास उपलब्ध आपदा बचाव राहत उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई जाकर उसके बारे में जानकारी प्रदान की गई। जन-जागरूकता कार्यक्रम को विद्यालय प्रशासन, छात्र-छात्राओं एवं सीआईएसएफ स्टाफ द्वारा सराहनीय बताया गया तथा छात्रों ने बढ-चढ कर जनजागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। सीआईएसएफ कमांडेंट आशीष कुमार ने भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम करने के लिए निर्देशित किया।

# नाग पंचमी पर नाग देवता को लगाया पुआ-पकौड़ी का भोग



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सावन कृष्ण पंचमी गुरुवार को नाग पंचमी के रूप में मनाई गई। महिलाओं ने मंदिर जाकर तांबे के नाग की पूजा-अर्चना कर सर्पदंश से परिवारजनों को बचाए रखने की कामना की। शुक्रादित्य और शोभन योग के संयोग में शिव मंदिरों में भगवान शिव के गले की शोभा बढ़ाने वाले वासुकी नाग और शेषनाग की पूजा की गई। घरों में भी महिलाओं ने दीवार पर नाग-नागिन की आकृति बनाकर पूजा-अर्चना कर दूध,पुआ,पकौड़ी,पूड़ी का भोग लगाया। नाग पंचमी पर अनेक शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक भी हुए। राहु दोष और काल सर्प दोष युक्त कुंडली के जातकों ने विशेष पूजा करवा कर नाग-नागिन के जोड़े जंगल में छोड़े। कई श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर में शिवलिंग पर चांदी का नाग चढ़ाया। नाग पंचमी पर श्रद्धालुओं न शिव पंचाक्षर स्त्रोत का पाठ किया।

**सपेरा की रही दिन भर कॉलोनियों में धूम :** नाग पंचमी के दिन दिन भर सपेरों की कॉलोनियों में आगमन रहा । बीन बजा कर सपेरों ने कॉलोनी वासियों से सर्प देवता को दूध पिलाने का आग्रह करते हुए दूध के नाम से नकदी उगाई। वही कुछ लोगों ने सपेरे को बोतल में भर कर दूध दान किया।

# कारगिल विजय दिवस : भारतीय जनता युवा मोर्चा ने निकाला मशाल जुलूस और तिरंगा रैली

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से संपूर्ण देशभर में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर प्रत्येक राज्य व जिलों में मशाल जुलूस,तिरंगा रैली, शहीद परिवार सम्मान समारोह, कवि सम्मेलन आदि किए जा रहे है। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर (चेची ) ने बताया कि इसी के चलते राजस्थान में भी हर जिलास्तर पर दो दिवयीय विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे है इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में युवा पीढ़ी को कारगिल विजय की गाथाओं को सुनाकर देश भक्ति के लिए प्रेरित कर युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजली अर्पित करना है। गुरूवार को वीरों की भूमि झुंझुनूं युवा मोर्चा द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों आयोजित किए गए। अंकित चेची ने बताया कि कारगिल युद्ध में हमारे वीर सैनिकों ने दो महीने से अधिक समय तक चले इस युद्ध में विषम परिस्थितियों में अपने शौर्य का परिचय देते हुए पाकिस्तानी सैनिकों नष्ट नाबूद कर-कर विजय हासिल की। इस युद्ध में हमारे लगभग 527 सैनिकों ने अपनी शहादत दी। जिसे भूल पाना नामुमकिन है। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कूटनीति का लोहा पूरे विश्व माना। वर्तमान समय में भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार सेना को सशक्त व मजबूत करने का काम कर रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में थल सेना, वायुसेना, और नौसेना सेनाओं को हर रूप से मजबूत करने का काम किया। यही कारण है कि आज भारत का लोहा संपूर्ण विश्व माना रहा है।

# गोविंद देवजी मंदिर में झूला महोत्सव एक अगस्त को रक्षाबंधन तक होगा झूला महोत्सव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में श्रावण कृष्ण एकादशी,एक अगस्त से झूला महोत्सव शुरू होगा जो कि रक्षाबंधन तक चलेगा। ठाकुरजी राधा रानी संग रियासतकालीन चांदी का झूला झुलेंगे। ठाकुर जी को लहरिया और जामा पोशाक धारण करवाई जाएगी। मंदिर प्रवक्ता मानस गोस्वामी ने बताया कि अभी ठाकुरजी ध्वज पताका आसन पर विराजमान है। श्रावण कृष्ण एकादशी, एक अगस्त से झूले के आसन पर विराजमान होंगे। रियासतकालीन यह झूला बहुत भारी और कलात्मक है। सांगवान की लकड़ी पर चांदी का पतड़ा चढ़ाया हुआ है। इसके अलग-अलग हिस्से जिन्हें एक किया जा सकता है। सावन माह में ठाकुरजी को लहरिया पोशाक धारण कराई जाएगी। सिंजारा, तीज और रक्षाबंधन पर विशेष उत्सव होंगे। ठाकुरजी को झूला झूलाया जाएगा और घेवर का भोग लगाया जाएगा।

**सरस निकुंज में प्रतिदिन होगा पदयायन :** उधर,सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित सरस निकुंज में भी झूला महोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि सिंजारा पूजन से रक्षाबंधन तक प्रतिदिन झूला महोत्सव के पदों का गायन किया जाएगा। शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में वैष्णव भक्त विशेष अवसरों पर उत्सव मनाएंगे।



# वाल्मीकि समाज से वार्ता कर हड़ताल का समाधान करवाएं मुख्यमंत्री, गंदगी के ढेर लगने से महामारी फैली तो सरकार होगी जिम्मेदार : खाचरियावास

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर कहा कि वाल्मीकि समाज अपनी वाजिब मांगों को लेकर सड़कों पर आंदोलन कर रहा है। बरसात के समय में राजधानी जयपुर में चारों तरफ गंदगी के ढेर लग गए हैं, इस वक्त वायरल बुखार चल रहा है, गंदगी के ढेर लगने से जयपुर में महामारी फैल सकती है, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर के लोकल विधायक हैं उन्हें तुरंत प्रभाव से जनता की परेशानी एवं महामारी फैलने की आशंका को देखते हुए तुरंत प्रभाव से सफाई कर्मचारी को बुलाकर वार्ता करनी चाहिए और समझौता करके हड़ताल का समाधान निकालना चाहिए।

खाचरियावास ने कहा कि पिछले बहुत समय से वाल्मीकि समाज के लोग लगातार राज्य सरकार, मुख्यमंत्री और मंत्रियों से अपनी मांगे पूरी करने को लेकर मिल रहे हैं, सरकार की जिम्मेदारी बनती थी कि जो सफाई कर्मचारी दिन रात अपनी जान जोखिम में डालकर सफाई व्यवस्था के जरिए हमें अच्छा जीवन जीने का मौका देते हैं उनकी समस्याओं को सुनना सरकार की पहली जिम्मेदारी है।

खाचरियावास ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल और राज्य सरकार को तुरंत प्रभाव से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल करने वाले यूनियन से वार्ता करके समस्या का समाधान नहीं किया तो सरकार के विरुद्ध तानाशाही का जवाब देने के लिए कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरेगी, यदि महामारी फैली और किसी भी तरह बरसात के दौरान जनहानि हुई तो राज्य सरकार की जिम्मेदार होगी।

# छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-।। सीधी भर्ती परीक्षा 28 जुलाई

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से 28 जुलाई को छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-।। (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग) सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन होने जा रहा है। भर्ती परीक्षा का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जयपुर शहर के 17 केंद्रों पर होगा। जिसमें कुल 4 हजार 122 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिसका संचालन 26 जुलाई से 28 जुलाई, 2024 तक किया जाएगा। परीक्षा के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर सुमन पंवार को जिला समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियंत्रण कक्षा 26 जुलाई एवं 27 जुलाई को प्रातः 9:30 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं 28 जुलाई को प्रातः 7 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा के लिए 17 उप समन्वयक एवं 3 उड़नदस्तों का तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। उक्त नियंत्रण कक्ष पर जयपुर में स्थापित किये गए परीक्षा केंद्रों से संबंधित जानकारियां प्रदान की जाएगी।

# अस्पताल में व्यवस्थाएं रखें दुरूस्त, मरीजों को सही ढंग से अटेंड करें : सत्यानी

## जिला कलक्टर के निर्देश पर सीईओ मोहनलाल खटनावलिया व एपीआरओ मनीष कुमार ने किया जिला मुख्यालय स्थित राजकीय डीबी जनरल अस्पताल का औचक निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं, आमजन की तरह कराई जांच तो मिली अव्यवस्थाएं, जताई नाराजगी

बढ़ता राजस्थान



**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार गुरुवार को सीईओ मोहनलाल खटनावलिया व एपीआरओ मनीष कुमार ने जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज से संबद्ध राजकीय डीबी जनरल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सीईओ खटनावलिया व एपीआरओ मनीष कुमार ने आमजन की तरह जांचें करवाईं तो समय से पहले जांच पंजीकरण कांउटर बंद पाए जाने की अव्यवस्थाएं सामने आईं, जिस पर सीईओ खटनावलिया ने काउंटर को निर्धारित समय से 5 मिनट बाद तक खुला रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में पाई गई अव्यवस्थाओं पर जिला कलक्टर सत्यानी ने अस्पताल प्रशासन को सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि मरीजों को अहर्निश (24×7) जांच सुविधा मिले। नियमित रूप से सैंपल लिए जाएं तथा मरीजों को जांच सेवाओं का समुचित लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए। बाधित हुई जांचों के लिए यथाशीघ्र आवश्यक जांच किट की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

इस दौरान सीईओ खटनावलिया व एपीआरओ मनीष कुमार आमजन की तरह पर्ची कटवाकर जांचें करवाने के लिए पंजीकरण कांउटर पर गए तो कांउटर निर्धारित समय 12 बजे से पहले ही बंद मिला। कांउटर पर नियुक्त कार्मिक हेमंत 12 बजे से पहले ही कांउटर बंद कर चुके थे। मुख्यमंत्री नि:शुल्क जांच योजना प्रभारी नदीम खान ने भी पंजीकरण कांउटर समय से पहले बंद पाया जाने का कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। सीईओ खटनावलिया के निर्देशों पर उन्होंने पंजीकरण कांउटर को निर्धारित समय के बाद 5 मिनट अतिरिक्त तक संचालित करने की बात कही। अस्पताल में पूछने पर बताया गया कि थॉयरॉइड, कैल्शियम व विटामिन बी 3 की जांचें नहीं की जा रही है। इस पर सीईओ खटनावलिया ने कहा कि दूरस्थ गांवों से आने वाले मरीजों को 1-2 मिनट देरी के कारण पहुंचने के कारण जांच नहीं हो पाने जैसी परेशानी न हो। नैतिक दृष्टिकोण अपनाते हुए निर्धारित समय से 5 मिनट का अतिरिक्त समय रखें ताकि आमजन को संतुष्टि रहे। डॉ शकील ने ओपीडी व्यवस्थाओं तथा अमजद खान ने दवा वितरण केन्द्र पर व्यवस्थाओं की जानकारी दी। कला चौधरी ने जन्म प्रमाण पत्र वितरण की जानकारी दी। इस दौरान सहायक सांख्यिकी अधिकारी विक्रम गुर्जर, संजय गोयल, देवीदत्त सोनी, परमेश्वर लाल भाटी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बापू गांव स्थित छोटा गिरनार में नेमीनाथ भगवान के गूंज उठे जयकारे



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( नि.स. )।** चाकसू उपखंड क्षेत्र के बापू गांव में जैनमुनि प्रज्ञा सागर महाराज प्रेरणा से विकसित श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार जैन धर्मावलंबियों के लिए आकर्षण एवं श्रद्धा के साथ भक्ति भाव का केंद्र बना हुआ है। प्रसिद्ध अतिशय क्षेत्र बाबा पदमपुरा आने वाले भक्त छोटा गिरनार नेमीनाथ भगवान के दर्शनार्थ अवश्य आने लगे हैं। मंदिर प्रबंध समिति की निरंतर सक्रियता एवं समर्पण भाव से कार्य करने की शैली से ही मंदिर परिसर में आने वाले सभी यात्रियों की सुख-सुविधा की व्यवस्था की गई है। छोटा गिरनार दर्शनीय धार्मिक आस्था के केंद्र बन गया है। यहां पर चाकसू निवासी जगदीश नारायण, कौशल कुमार अग्रवाल द्वारा संगीतमय नेमीनाथ भगवान पूजा विधान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जगदीश नारायण कौशल कुमार परिवार द्वारा सर्वप्रथम मूल नायक 1008 भगवान श्री नेमीनाथ का जयकारों की बीच विधि-विधान पूर्वक अभिषेक किया गया। इसके पश्चात देश में सुख-शांति और समृद्धि के लिए संगीतमय पूजा अर्चना की गई।पूजा के अंतर्गत मंत्रोच्चारण के साथ अर्ध्य अर्पित किए गए। भाव-विभोर श्रद्धा से ओत-प्रोत भक्तों ने भगवान के समक्ष नृत्य किया। सामुहिक यहां आरती के कार्यक्रम का समापन हुआ। संगीतमय पूजा विधान के मुख्य पुण्यार्जक चाकसू के जगदीश नारायण कौशल कुमार अग्रवाल परिवार के लोग रहे। कार्यक्रम के आयोजन करता परिवार का नेमीनाथ भगवान मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों अध्यक्ष प्रकाशचंद बाकलीवाल, मंत्री पारसमल बाकलीवाल मंदिर क्षेत्र संसाधन मंत्री जितेंद्र गंगवाल आदि ने स्वागत करते हुए सम्मानित किया।

विधान पूजा में मुख्य पुण्यार्जक परिवार के अलावा शिवाड़ निवासी बाबू लाल जैन, डाक्टर चेतन प्रकाश जैन परिवार, लावा वाले अशोक कुमार जैन परिवार, निवाई से महावीर प्रसाद जैन परिवार पराणा वाले, चाकसू से राजेंद्र बजाज, रमेशचंद गोयल, सहित अनेक परिवारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक के आर एम विनीत कुमार खंडेलवाल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों एवं एस बी आई शाखा चाकसू के कर्मचारियों, चाकसू क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। सभी लोगों ने इस अवसर पर आयोजित सहभोज कार्यक्रम में भागीदारी निभाई। संगीतमय प्रस्तुति का दायित्व जीतू जैन एण्ड पार्टी ने निभाया।

# 11 हजार हाई वोल्टेज लाइन गिरने से युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान



मृतक सुन्दर लाल सैनी



**बानसूर ( नि.स. )।** उपखंड के निकटवर्ती कस्बा हरसौरा में बस स्टैंड पर बुधवार की देर रात को 11 हजार केवी हाई वॉल्टेज लाइन का तार टूटकर गिरने से दो युवक घायल हो गए थे। हादसे में बॉडी कोठी निवासी सुंदर लाल सैनी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि जोधपुर निवासी दूसरे युवक जसवंत सिंह का जयपुर में इलाज चल रहा है।युवक की मौत के बाद गुरुवार सुबह ग्रामीणों और परिजनों ने बानसूर मॉर्चरी पर विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और मृतक सुंदरलाल के परिजनों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और एक सरकारी नौकरी की मांग पर अड गए। परिजनों और ग्रामीणों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि हाई वॉल्टेज लाइन के पोल को बदलने के लिए कई बार विभाग की शिकायत की गई लेकिन विभाग की ओर से पोल को सही नहीं करवाया गया। जिसके चलते विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से यह हादसा हुआ है।एसडीएम रविकांत सिंह ने बताया कि ग्रामीण और परिजनों से समझाइश कर पोस्टमॉर्टम करवाया गया। परिजनों के साथ पूरी संवेदनशीलता है। सरकार की ओर से जो भी परिवार को आर्थिक सहायता दी जाएगी वह दिलाई जाएगी। आयुष्मान योजना के तहत सहायता राशि दिलाई जाएगी। मृतक सुन्दर लाल के बच्चों की शिक्षा और लालन पालन में जो भी सरकार की तरफ से सहायता होगी करवाई जाएगी। वहीं परिजनों और ग्रामीणों की कुछ मांगों पर सहमति बनी है। बाकी उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है जो भी सहायता होगी की जाएगी।

# देवली में नहीं थम रहा बाइक चोरी का सिलसिला शहर में बाइक चोरी का रिकॉर्ड, फिर हुई चोरी

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविन्द सिंह सेठी )।** शहर में पिछले दिनों से लगातार बाइक चोरी की वारदात दर वारदात होती चली जा रही है । यहां आए दिन देवली पुलिस थाने में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज होकर खाक छान रही है। इसलिए की बाइक चोरों तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच पा रहा है। आजकल यहां लोगों में चर्चा यह बनी रहती है कि जैसे बाइक चोरी की वारदात अपने आप में कोई वारदात नही रह गई हो वही इन वारदातों पर अब तक पुलिस की ओर से अंकुश नहीं लग सका है। ऐसे में जाहिर हो रहा है कि इस बार देवली शहर व आसपास के क्षेत्र से बाइक चोरी का रिकॉर्ड बनकर रहेगा। उल्लेखनीय है कि कुछ ही माह के भीतर अब तक दर्जनों बाइक देवली व आसपास की बस्तियों से चोरी हो चुकी है। स्थानीय पुलिस जिनका आज तक पता नहीं लगा पा रही है। बाइक चोरों को पकड़ने में तथा वारदात का खुलासा करने में देवली पुलिस अभी तक फिसड्डी साबित होती चली जा रही है। ऐसे में लोगों में अब बाइक चोरी की वारदातों को लेकर भय बनने लगा है। फिर से एक और बाइक चोरी का मामला गुरुवार को सामने आया है। यह बाइक पंचायत समिति देवली के कंप्यूटर ऑपरेटर सरताज मोहम्मद की चोरी हुई है। पीड़ित सरताज मोहम्मद ने बताया कि वह कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। बुधवार दोपहर डेढ़ बजे वह लंच पर घर गए थे। वापस आने के बाद उन्होंने अपनी बाइक पंचायत समिति कार्यालय परिसर में खड़े की तथा अपने काम पर लौट गए। वहीं शाम 6 बजे घर जाने के लिए पीड़ित ऑफिस से बाहर निकाला तो उसकी बाइक बाहर से गायब मिली। वहीं आसपास भी ढूंढने की कोशिश की तो इसका पता नहीं लग सका। इसके बाद पीड़ित ने देवली थाने में इसकी रिपोर्ट दी है। हमेशा की भांति ही पुलिस ने गुरुवार को हुई बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली। अब देखना यह है कि बाइक चोरी की वारदात दर वारदात को अंजाम देने वाले चोरों पर क्या पुलिस के हाथ पहुंच सकेंगे।

# द्वारिकाधीश तक पैदल यात्रा पर जयकारों के साथ यात्रियों का दल रवाना



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** उपखंड क्षैत्र कपासन के ग्राम बनाकियाकलां से द्वारकाधीश तक पैदल यात्रा हेतु भक्तो का एक दल रवाना हुआ है।लगभग 800 किलोमीटर पैदल यात्रा पर निकले कपासन क्षैत्र के बनाकियाकला ग्राम के यात्री राधेश्याम सुखवाल, कमलेश सोनी,जगदीश सोनी,भेरूलाल अहीर का नगर के पांच बत्ती चौराहे पर कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष एडवोकेट मोहनलाल गाडरी,किशनलाल सोनी,सचिव जगदीशचंद्र तेली,कमल सोमानी, राजू अहीर,देवराज सिंह आदि ने द्वारकाधीश के जयकारो के साथ माला एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि यह यात्रा देश में खुशहाली एवं अच्छी बारिश की कामना को लेकर बनाकियाकला भेरुजी के दर्शन कर यात्रियों के दल ने प्रस्थान किया।उक्त यात्रियों का दल करीब 25-30 दिन की पैदल यात्रा उपरांत द्वारकाधीश गुजरात पहुंचकर श्री द्वारिकाधीश के दर्शन प्राप्त करेंगे।

# कांग्रेस एन एस यू आई ने विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सोपा



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( नि.स. )।** यहां कांग्रेस एन एस यू आई ने प्रवेश फॉर्म व आवश्यक दस्तावेज सत्यापन की तिथि बढ़ाने के लिए कॉलेज आयुक्त के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सोपा है।

ज्ञापन में बताया है कि उच्च शिक्षा आयुक्तालय के सभी स्नातक संकायों के प्रवेश फॉर्म व आवश्यक दस्तावेज सत्यापन की आज दिनांक 25/07/2024 हैं। ऐसे में समय सीमा कम होने एवं तकनीकी कारणों से कई विद्यार्थियो के आवश्यक दस्तावेज पूर्ण नहीं होने के कारण प्रवेश फॉर्म सत्यापन नहीं करवा पाए हैं।इस लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करवाने की दिनांक बढ़ाने के लिए एनएसयूआई द्वारा मांग की गई है और इस हेतु कॉलेज आयुक्तालय के नाम से प्राचार्य महोदय को ज्ञापन दिया है।

ज्ञापन सौंप मे एनएसयूआई के छात्र संघ महासचिव इमरान पठान अध्यक्ष विशाल मीणा उपाध्यक्ष विनोद मेहरा रोहित मीणा, देव राठौर, कौशल ठागरिया,अमित मीणा, सहित समस्त कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बंदरों के आतंक से सहमी वार्ड की महिलाएं, गुस्सा होकर पहुंची नगर पालिका, महिलाएं ने की नारेबाजी, ईओ ने समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (नि.स.)।** कस्बे के नगरपालिका मंडल के वार्ड नं 16 में कई दिने से दो तीन बन्दरो ने बहुत आतंक मचा रखा है।ये बच्चो महिलाओ पर तो हमला करते ही है ।छत पर सूखने वाले कपड़ो को भी तार तार करने मे आगे रहते है ।इन उत्पाती बन्दरो से निजात पाने के लिए पिड़ित महिलाये गुहार लगाने नगर पालिका पहुंची । मगर यहां पर अधिशाषी अधिकारी का नहीं मिलने से महिलाये गुस्सा होकर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । कुछ समय पश्चात पालिका अधिशाषी अधिकारी तेजराम मीणा के कार्यालय पहुंचने पर मुकेश पारीक के नेतृत्व में सभी महिलाओं ने अधिशाषी अधिकारी से बातचीत करके बंदर को पकड़वाने की गुहार लगाई, इस पर अधिशाषी अधिकारी मीणा ने बंदरों को पकड़ कर समस्या से जल्दी निजात दिलाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुकेश पारिक, मीना चौधरी, किरण चौधरी, साक्षी गुर्जर, सन्तोष वर्मा, सुमन वर्मा, हेमलता चौधरी, रितु माथुर, मुन्नीदेवी गुर्जर, सारदा देवी, आदि मौजूद रही।

# बल्लूराम गुर्जर बने देव सेना के जिलाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( नि.स. )।** कोटपूतली ।देव सेना के संगठन महामंत्री ब्रजमोहन गुर्जर ने संगठन का विस्तार करते हुए कोटपुतली बहरोड़ जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति की 7देव सेना के संगठन महामंत्री ब्रजमोहन जी गुर्जर ने बल्लूराम गुर्जर निवासी काकरिया खेडा को संगठन के कोटपुतली बहरोड़ जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया।जिला कार्यकारिणी एंव जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति करने का निर्देश दिए इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर,प्रदेश संगठन महामंत्री बृजमोहन गुर्जर, प्रदेश सचिव मुकेश गुर्जर प्रदेश महामंत्री डॉक्टर बनवारी लाल गुर्जर सचिन रावत तहसील अध्यक्ष पाटन का आभार व्यक्त किया।

# चाकसू उपजिला चिकित्सालय के डॉ संजय मीणा बने पीएमओ



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (नि.स.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के आदेशानुसार चाकसू उपजिला अस्पताल में कार्यरत नाक, काल गला रोग विशेषज्ञ डॉ संजय मीणा को अस्पताल का प्रमुख चिकित्सा अधिकारी प्रभारी नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व अस्पताल के ही वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ ऋतुराज मीणा इस दायित्व पर कार्य कर रहे थे। डॉ संजय मीणा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनने पर उनको बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का तांता लग गया। उल्लेखनीय है कि इसी दिन उनका जन्मदिन होने के कारण प्रसंशको ने अस्पताल परिसर में ही केक काटा एवं मालाएं पहनाकर उनके स्वस्थ दीर्घायु होने के लिए मंगलकामनाएं करते हुए बधाई दी।


## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति उनियारा, जिला टोंक, राजस्थान

E-Mail : kums.uniyara@gmail.com, Kums.uniyara@rajasthan.gov.in, Tel : 01436-265346, Fax : 014366-265346

क्रमांक :- कृ.उ.म.स./मण्डी निविदा/2024-25/217-227 — दिनांक :- 22/07/2024

**निविदा - सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि कृषि उपज मण्डी समिति, उनियारा (जिला टोंक) में वित्तीय वर्ष 2024-25 (कार्यादेश दिनांक से 01 वर्ष तक) की निम्न सुविधा मदों / अन्य मदों हेतु (क्र.सं. 1 से 5) खुली द्विकर्मी बोली पद्धति के माध्यम से मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 25.07.2024 से 05.08.2024 को सायं 05:00 बजे तक विक्रय किये जाऐगें।

| क्र. सं. | सेवा / कार्य का नाम | अनु. लागत (लाख रूपये) | निविदा शुल्क (रूपये) | प्रतिभूति राशि (लाख रूपये) | निविदा फार्म विक्रय करने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा फार्म प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा खोले जाने की तिथि व समय | UBN No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जल व्यवस्था | 4.00 | 590.00 | 0.08 | दिनांक 05.08.2024 को सायं 05:00 बजे तक | दिनांक 07.08.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक | दिनांक 13.08.2024 को दोपहर 02:00 बजे | DAM2425SSOB00541 |
| 2. | सफाई व्यवस्था | 4.00 | 590.00 | 0.08 | | | | DAM2425SSOB00542 |
| 3. | विद्युत रखरखाव | 2.50 | 590.00 | 0.05 | | | | DAM2425SSOB00543 |
| 4. | वाहन व्यवस्था | 2.00 | 590.00 | 0.04 | | | | DAM2425SSOB00544 |
| 5. | बागवानी व्यवस्था | 1.50 | 590.00 | 0.03 | | | | DAM2425SSOB00545 |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट **www.sppp.rajasthan.gov.in** व विभागीय पोर्टल **agriculture.rajasthan.gov.in/mandi** पर भी देखा जा सकता है। सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। वेबसाईट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड़ करने पर निविदा प्रपत्र का मूल्य दिनांक 07/08/2024 को दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा एंव निविदा प्रतिभूति राशि के डी.डी./बैंकर्स चैक जो कि सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, उनियारा के नाम से देय हो, निविदा के साथ निर्धारित दिनांक व समय तक कार्यालय में प्रस्तुत की जानी अनिवार्य होगी, सलंग्न नही किये जाने पर निविदा निरस्त कर दी जावेगी।

NIB Code : DAM2425A0236

राज.संवाद/सी/24/2812

प्रशासक — सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, उनियारा (जिला टोंक)



## Office of the Executive Engineer, PHED, Project Division, Uniyara

NOTICE INVITING BIDS
NIB No. 02/2024-25
**UBN: PHE2425SLOB02973**

Online tenders through e-procurement system are hereby invited, on behalf of the Governor of Rajasthan for the following works. The details may be seen on the DIPR website www.dipr.rajasthan.gov.in and http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in. Bids are to be submitted up to 6:00PM on 29.07.2024 online electronic format on web site http://eproc.rajasthan.gov.in.

| S.No. | Item | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Providing Consultancy services for Land acquisition including Section 12 to 38 as per Right to Fair Compensation, Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act (RFCTLARR) 2013 in connection (PHED) Israda-Dausa water supply project. Executive Engineer PHED, Project Division Uniyara |
| 2. | NIB Cost | Rs. 16,80,800/- |

Executive Engineer PHED,
Project Division Uniyara



## In The Court Of I Civil Judge Class-I and Chief Judicial Magistrate, District Court, Sheopur

**Presiding Officer: श्रीमती बबीता होरा शर्मा**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन
प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000008/2024) राजेन्द्र प्रसाद पालीवाल (फौत)
वारिसान लोकेश कुमार पालीवाल आवेदक

Vs

सर्वसाधरण....... .......अनावेदक

**Process Id-/2024**
**पेशी दिनांक- 22/08/2024**

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधरण दैनिक समाचार पत्र पता- राजस्थान एवं मध्यप्रदेश
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र प्रसाद पालीवाल (फौत) वारिसान लोकेश कुमार पालीवाल पता ने मृतक राजेन्द्र प्रसाद पालीवाल पुत्र श्री गोवर्धन लाल पालीवाल निवासी कस्तूर जी की बाडी वार्ड नं0 5 अन्ता जिला बारां राजस्थान यूको बैंक शाखा श्योपुर में मृतक के नाम जमा शुदा राशि 932000/- रूपये खाता संख्या 108201100755289 से राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 22 August 2024 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 22 August 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 20 Jul4 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा — वास्ते- न्यायाधीश

## सम्पादकीय

### पूंजीगत लाभ कर ढांचे को सहज बनाना बजट की अच्छी बात, अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन पर निर्भर होगा शेयर बाजार

प्रस्तुत केंद्रीय बजट में एक अच्छी बात रही पूंजीगत लाभ ढांचे को सहज बनाना। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि चुनिंदा वित्तीय परिसंपत्तियों पर अल्पावधि का पूंजीगत लाभ कर 20 फीसदी की दर से लगाया जाएगा जबकि पहले यह 15 फीसदी की दर से लगाया जाता था। अन्य सभी वित्तीय एवं गैर वित्तीय परिसंपत्तियों पर उसी दर से कर लगेगा। इसका अर्थ यह हुआ कि शेयर बाजार में अल्पावधि में होने वाले लाभ पर 20 फीसदी की दर से कर चुकता करना होगा। इसके अलावा सभी वित्तीय और गैर वित्तीय परिसंपत्तियों पर होने वाले दीर्घकालिक लाभ पर 12.5 फीसदी की दर से कर लगेगा। सूचीबद्ध शेयरों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर की दर 10 फीसदी थी। लंबी अवधि के कर और अल्पावधि के कर के बीच के अंतर को बढ़ाने वाले कारणों में से एक पूंजी बाजार में दीर्घकालिक निवेश को बढ़ावा देना भी हो सकता है। खासतौर पर परिवारों द्वारा किए जाने वाले निवेश के मामले में।

निवेशकों की कम आय वाली श्रेणी की बात करें तो वित्त मंत्री ने पूंजीगत लाभ के मामले में रियायत की सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये कर दिया है। सूचीबद्ध वित्तीय परिसंपत्तियों को अगर एक वर्ष से अधिक अवधि तक रखा गया तो उन्हें दीर्घकालिक माना जाएगा। गैर सूचीबद्ध वित्तीय और गैर वित्तीय परिसंपत्तियों के मामले में उन्हें दो वर्ष तक धारण करने पर ही उन्हें दीर्घकालिक माना जाएगा। गैर सूचीबद्ध बॉन्ड और डिबेंचर और डेट म्युचुअल फंड पर लागू दर से ही पूंजीगत लाभ कर लगेगा। बजट के दिन सूचीबद्ध शेयरों पर पूंजीगत लाभ कर बढ़ाने की घोषणा ने शेयर बाजारों को प्रभावित किया। इसके चलते कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। हालांकि मानक सूचकांकों ने कारोबार समाप्त होते-होते काफी हद तक नुकसान की भरपाई कर ली। अचल संपत्ति के क्षेत्र में भी चिंता थी क्योंकि पूंजीगत लाभ पर अब 12.5 फीसदी की दर से कर लगेगा और वह भी बिना इंडेक्सेशन लाभ के। पहले इंडेक्सेशन के साथ इस पर 20 फीसदी की दर से कर लगता था। बहरहाल, जैसा कि सरकार ने स्पष्ट किया है, इससे अचल संपत्ति के अधिकांश निवेशकों को लाभ होगा। अगर लाभ का इस्तेमाल 10 करोड़ रुपये तक की कीमत का घर खरीदने या बनाने में किया जाएगा तो कर छूट मिलेगी। अगर चुनिंदा बॉन्ड में 50 लाख रुपये तक का निवेश किया जाए तो भी छूट मिलेगी। प्रस्तावित बदलाव के दो परस्पर निर्भर लक्ष्य हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि मूल विचार है कर ढांचे को सरल बनाना। यह भी उम्मीद है कि सरल कर ढांचा कर संग्रह में सुधार में मददगार साबित होगा। बाजार को बिना कठिनाई के उच्च कर दर से समायोजित हो जाना चाहिए। व्यापक स्तर पर देखें तो अगर अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन बेहतर बना रहता है, जो कि आय और शेयर कीमतों में तेजी के रूप में देखा जा सकता है तो बाजार को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। कुछ विकसित देशों में पूंजीगत लाभ पर अधिक कर लगता है। वित्तीय बाजारों से होने वाली आय पर उच्च कर भी प्रगतिशील कदम है। यह समाज का वह तबका है जो पूंजी बाजारों में निवेश करता है और उससे लाभान्वित होता है।

# किसान आन्दोलन की राहें बातचीत से ही खुलेंगी

**सुप्रीम कोर्ट ने किसान-आन्दोलन से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए पंजाब-हरियाणा से सटे शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखने का औचित्यपूर्ण आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी अहम है कि एक 'तटस्थ मध्यस्थ' की आवश्यकता है जो सरकार और किसानों के बीच विश्वास कायम कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक कमेटी बनाने का प्रस्ताव भी दिया है। प्रश्न है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल न्यायालय के इस महत्वपूर्ण सुझाव को आकार देने की बजाय किसान-आन्दोलन को उग्र करने की मंशा रखते हुए अराजक माहौल ही क्यों बनाना चाहते हैं? क्यों अव्यवस्था फैलाने चाहते हैं? निश्चित ही शंभू बॉर्डर खोले जाने पर कानून-व्यवस्था को लेकर संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यह बात सही है कि शंभू बॉर्डर खोले जाने से आंदोलनरत किसानों के दिल्ली कूच की राह खुल सकती है।**

ललित गर्ग



मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट में वित्त मंत्री ने सरकार की जिन 9 प्राथमिक्ताओं का जिक्र किया उसमें विकसित भारत लिये रोजगार, महंगाई नियंत्रण, कृषि, महिला-युवा विकास के साथ-साथ मध्यम वर्ग के लिये पहली बार सकारात्मक सोच सामने आयी है। बावजूद इसके विपक्षी दल किसी न किसी बहाने उसका विरोध करते हुए संसद में हंगामा बरपा रहे हैं। सभी क्षेत्रों के लिये न्यायसंगत एवं विकास योजनाओं के बावजूद विरोध होना अतिश्योक्तिपूर्ण है। विपक्षी दल इस आरोप के सहारे बजट का विरोध कर रहे हैं कि उसमें अन्य राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है। इस विरोध का आधार बिहार और आंध्र प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए विशेष घोषणाएं के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगों को लेकर किसी तरह की घोषणा न करने के मुद्दे हैं। विपक्षी दल किसान आन्दोलन को उग्र करने के प्रयास करेंगे। ऐसा इसलिये भी लग रहा है कि बुधवार को ही नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से नई दिल्ली में मुलाकात करने के बाद किसान नेताओं ने साफ भी कर दिया है कि दिल्ली मार्च का उनका कार्यक्रम जारी रहेगा। संसद सत्र जारी है, ऐसे में किसान आंदोलन को लेकर प्रतिपक्ष सरकार पर हमलावर होगा, एक बार फिर किसान आन्दोलन के उग्र से उग्रतर होने की संभावनाएं हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आंदोलनरत किसान संगठन पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि जब भी सीमाएं खुलेंगी, किसान ट्रैक्टर ट्रोलियों के साथ दिल्ली की ओर बढ़ेंगे। शीर्ष अदालत हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें उसे एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू सीमा पर बैरिकेड्स हटाने के लिए कहा गया था जहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं।

केन्द्र सरकार एवं विपक्षी दलों को मिलकर इस विकट समस्या का समाधान निकालने के लिये कोई सार्थक प्रयास करने चाहिए। किसानों के भरोसे को जीतने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन नेशनल हाई-वे पर जेसीबी और बख्तरबंद ट्रैक्टर ट्रॉली की इजाजत तो इस समस्या का समाधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञों की समिति के जरिए बातचीत का जो प्रस्ताव दिया है उस पर सरकार की प्रतिक्रिया आनी बाकी है। लेकिन दोनों पक्षों को ही आंदोलन खत्म करने के लिए बातचीत के माध्यम से समाधान का रास्ता निकालने की पहल करनी होगी। किसान आंदोलन के उग्र रूप को भी यह देश देख चुका है, भारी नुकसान भी हुआ है। किसानों की समस्याएं अपनी जगह हैं और इनकी आड़ में होने वाली राजनीति अपनी जगह। वैसे भी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी जैसे मुद्दों पर समिति के गठन का प्रस्ताव केन्द्र सरकार पहले ही दे चुकी है। यह बड़ा सच है कि बात करने से ही बात बनती है। बातचीत की हर संभावना का स्वागत किया जाना चाहिए। किसी भी आंदोलन का लंबे वक्त तक जारी रहना सचमुच चिंताजनक है। ऐसे आन्दोलन को उग्र करने की विपक्षी दलों की मानसिकता भी संदेहों एवं अविश्वासों से घिरी है। अच्छा हो कि विपक्षी दल एवं नेता प्रचार पाने के लिए विरोध की बेतुकी रस्म निभाने के बजाय बजट में कृषि क्षेत्र के लिये किये गये बड़े ऐलानों पर गौर करें। सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। इनमें कृषि उत्पादकता को बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए मौसम में बदलाव को बरदाश्त कर सकने वाली फसलों की प्रजातियों को विकसित करने पर जोर दिया गया है। इसके लिए एग्रीकल्चर रिसर्च के बजट को भी बढ़ाया गया है। विपक्षी पार्टियां लगातार किसानों एवं कृषि को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास कर रही हैं। कोई न कोई बहाना चाहिए विरोध का, अब किसान-आन्दोलन के सहारे अपनी राजनीति चमकाने की जुगत में देश का कितना नुकसान होगा, कहा नहीं जा सकता। जबकि भाजपा सरकार द्वारा भारतीय अर्थ-व्यवस्था की वृद्धि और विकास में कृषि की भूमिका को ध्यान में रखते हुए, इस बजट में कृषि क्षेत्र पर अधिक ध्यान दिया गया है। कृषि में उत्पादकता, किसानों के हितों एवं कृषि की सुदृढ़ता को बढ़ाना बजट द्वारा निर्धारित शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। उल्लेखनीय है कि बजट में जो नौ प्राथमिकताएं शामिल है, उनमें कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के लिए करीब 1.52 लाख करोड़ रुपये के आवंटन से खेती-किसानी की दशा-दिशा सुधरने की आस बढ़ी है। विभिन्न फसलों की प्रस्तावित 109 किस्मों से भी उत्पादकता में बढ़ोतरी की उम्मीद है। ये किस्में जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ रही प्रतिकूल मौसमी परिघटनाओं के विरुद्ध कवच का काम करेंगी। दलहन-तिलहन को प्राथमिकता, डिजिटल क्राप सर्वे के अतिरिक्त किसान उत्पादक संघों यानी एफपीओ एवं भंडारण और आपूर्ति शृंखला पर ध्यान देने जैसे उपाय उपज को पहुंचने वाले नुकसान को घटाने एवं कीमतों में स्थायित्व सुनिश्चित करेंगे। ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ की बड़ी राशि आवंटित की गई है। भले ही सरकार ने सीधे तौर पर बजट में किसानों की आय बढ़ाने और एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित न किए जाने से किसानों को निराशा हुई हो लेकिन बजट में तिलहन में आत्मनिर्भरता, सब्जी उत्पादन केन्द्र विकसित करने और खेती के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की बात कही गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस बजट से आने वाले समय में एग्रीकल्चर सेक्टर की विकास की रफ्तार बढ़ाने में मदद मिलेगी जो सीधे तौर पर किसानों की आय भी बढ़ायेगा एवं उन्नत कृषि को प्रोत्साहन भी देगा।

असल में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगें राजनीतिक मुद्दे बन गये हैं, जिनके चलते हो रहा आन्दोलन न केवल किसानों के बल्कि आम जनता के लिये भी परेशानी का सबब है। जबकि सरकार ने धान का उत्पादन करने वाले किसानों के लिए एमएसपी को बढ़ा कर 2300 कर दिया है जो स्वागत योग्य कदम है।

उम्मीद थी की सरकार एमएसपी पर खरीद को सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाएगी। लेकिन बजट में इस तरह का कोई प्रावधान न होने से काफी निराशा हुई है। दुनिया भर के विकसित देश अनिवार्य रूप से किसानों की उपज को एमएसपी पर खरीदते हैं। लेकिन भारत में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता। विपक्षी दल किसानों के हित में आन्दोलन की बजाय बातचीत के रास्ते पर आगे बढ़े। स्तरीय विरोध हो, किसानों को गुमराह करने एवं उनका मनोबल कमजोर करने के लिये विपक्षी दल उजालों पर कालिख न पोते, इससे उन्हीं के हाथ काले होने की संभावनाएं है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
भाग्य आपके पक्ष में है। आपको हर काम में सफलता मिलेगी। ऑफिस में आपके विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश में रहेंगे। इसलिए सावधानी बरतें। किसी लंबी योजना में आप कन्फ्यूज हो सकते हैं।

**वृष**
आज का दिन वित्तीय और व्यावसायिक दृष्टि से काफी लाभदायक रहने की उम्मीद है। आपकी लंबी योजनाएं पूरी होने का योग बन रहा है। लोकहित के लिए किए गए प्रयासों से आपका मन बेहद खुश रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
अपने काम में सफलता प्राप्त करने के कारण आपके आनंद और उत्साह में बहुत अधिक वृद्धि होगी। ताजगी और स्फूर्ति का अहसास होगा। आज आप मित्रों और सगे-सम्बंधियों से मिलना हो सकता है। कहीं यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कर्क**
आज आपका वैवाहिक जीवन अधिक मधुर बनेगा। आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना आवश्यक है। ऐसा न करने से आपको काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। परिवार या बाहर किसी के साथ विवाद होने की आशंका है। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा।

**सिंह**
मानसिक दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय लेने में परेशानी होगी। पानी तथा अन्य तरल पदार्थों से सावधानी रखें। परिवार या जमीन-जायदाद से संबंधित विषयों को लेकर चर्चा और प्रवास टालने की सलाह दी जाती है।

**कन्या**
आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में मदद करेगी। शुभ काम करने की प्रेरणा मिलेगी। पठन तथा लेखन की प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। तंदुरुस्ती अच्छी बनी रहेगी।

**तुला**
आज आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव होगा। आज आपकी यश, कीर्ति तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारी के खुश रहने से पदोन्नति की संभावनाएं बढ़ जाएंगी।

**वृश्चिक**
परिश्रम का अपेक्षित परिणाम न मिलने पर भी हिम्मत और बुद्धिमानी से अपने काम में प्रगति करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात होने की संभावना है। पेट की तकलीफ परेशान करेगी।

**धनु**
आप किसी का भला करने जाएंगे, लेकिन उसका प्रतिफल अच्छा नहीं मिलेगा। आप स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। आध्यात्मिक बातों में आपका मन लगेगा। नौकरी-धंधे और व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी।

**मकर**
मित्रों के साथ मुलाकात तथा प्रवास का आयोजन करेंगे। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए शुभ संयोग निर्मित होगा तथा पत्नी से लाभ होगा। बुजुर्ग भी आपके लाभ में निमित्त बनेंगे। मित्रों की तरफ से भेंट या सौगात मिल सकती है।


**कुंभ**
पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा। दूर रहने वाले मित्रों और सम्बंधियों के साथ संदेश का आदान-प्रदान होगा। आपकी आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। गुस्से के कारण आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। हेल्थ को लेकर सतर्क रहें।

**मीन**
आपकी वाणी की मधुरता नए सम्बंध विकसित करने तथा कई जगहों पर लाभ कराने में सहायक होगी। आपके विचार अधिक समृद्ध होंगे। अच्छा लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। प्रियजनों और मित्रों से मिलकर आनंद अनुभव होगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा।

## शख्सियत

**सबकी व्यवस्थाए अपनी-अपनी सबके अपने-अपने युद्ध हैं कोई उन्हें चुनौतियों के रूप में ग्रहण कर उनके समाधान में जुट जाता है कोई नसीब, तो कोई पूर्व जन्म के बुरे कर्म और कोई मजबूरी समझकर उन्ही चुनौतियों में ही दफन हो जाता है........ आज के हमारे कॉलम के आर्दश हैं देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ( आई.पी.एस )**

24 मई 1967 को गाँव काजल हेडी,फतेहाबाद, हरियाणा में इनका जन्म हुआ। बीएससी, दयानंद कालेज हिसार हरियाणा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,एलएलबी, कैम्पस लॉ कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय से शिक्षा पूर्ण की और 1989 में सीमा सुरक्षा बल में सहायक कमांडेंट सीधी भर्ती के पद पर नियुक्ति पाने वाले केंद्रीय पुलिस संगठन में प्रथम बिश्नोई होने का गौरव प्राप्त किया। बी एस एफ में 4 वर्ष एक माह सेवा करने के बाद स्वेच्छा से त्यागपत्र देकर पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय में बतौर अधिवक्ता तीन वर्ष हिसार जिला न्यायालय में 1993 से 1996 तक वकालत की। 1996 में राजस्थान सरकार में वाणिज्यिक कराधान विभाग में नियुक्ति हुई। 1997 में राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा में मेरिट में वरियता में 23वाँ स्थान प्राप्त किया, राजस्थान पुलिस सेवा में मेरिट में दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए पुलिस उप अधीक्षक के पद पर नियुक्ति प्राप्त की। प्रशिक्षण के उपरांत 1989 में दीक्षांत समारोह की परेड को कमाण्ड कियाए आउटडोर विषयों में श्रेष्ठ कैडेट घोषित हुए व सम्पूर्ण में सर्वोत्तम कैडेट घोषित हो तलवार विजेता घोषित हो तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करकमलों से तलवार व पुरस्कार प्राप्त किये। व्यवहारिक प्रशिक्षण जिला सिरोही में प्राप्त किया। उसके बाद बतौर सर्किल अधिकारी सीकर ग्रामीण, बीकानेर शहर, बीकानेर सदर, सूरतगढ़ गंगानगर, नैनवा बूंदी, सहायक कमाण्डेन्ट दसवीं आरएसी व पुलिस उप अधिक्षक एल आर कार्यालय महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर में कार्य किया। वर्ष 2008 में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत होने के उपरांत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीआईडी विशेष शाखा जोन बीकानेर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंहनगर गंगानगर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीकानेर शहर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजमेर ग्रामीण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अलवर शहर व कमाण्डेन्ट पुलिस ट्रेनिंग स्कूल किशनगढ़ अजमेर रहे। वर्ष 2018 में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुपर टाइम स्केल राजस्थान पुलिस सेवा से पदोन्नति लेकर वर्तमान में भारतीय पुलिस सेवा में 2012 की वरिष्ठता से चयनित हुए हैं वर्तमान में पुलिस अधीक्षक अजमेर के पद को सुशोभित कर रहे हैं। इस से पूर्व ये जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर,पुलिस अधीक्षक झुंझुनु,पुलिस अधीक्षक गंगापुर सिटी, पुलिस अधीक्षक यातायात, पुलिस अधीक्षक क्राइम ब्रांच पुलिस मुख्यालय जयपुर, पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बीकानेर व दो बार कमाण्डेन्ट तीसरी व दसवीं आरएसी के पद पर कार्य कर चुके हैं। पुलिस में जन सेवा के साथ सामाजिक कार्यो में भी आप अग्रणी हैं अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा में जिला बीकानेर का निर्विरोध निर्वाचित प्रधान चुने गए।



देवेन्द्र कुमार बिश्नोई आईपीएस )
( एसपी अजमेर )

अध्यक्ष जूडो कराटे संस्था बीकानेर,विशेष आमंत्रित सदस्य, जांभाणी साहित्य अकादमी, सदस्य महावीर इंटरनेशनल बीकानेर,विशेष सदस्य समराथल फाऊंडेशन जोधपुर है। इन्हे फोटोग्राफी ,बागवानी, घुड़सवारी का विशेष शौक हैं। युवाओं को सही मार्ग दिखाना इनके नैतिक कर्त्वय में शामिल है। ये जहां भी एसपी रहे वहां कॉलेज के युवाओं के आर्दश बन गए। काफी जगह युवाओं के साथ वार्ता कर संगठित अपराध की श्रेणी में कमी का प्रर्याय बनकर सामने आने वाले बेहतरीन आईपीएस के रूप में इन्हे देखा जाता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

**जय हिन्द**

## आज का इतिहास

### 26 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- लिथुआनिया की हिंसा में 1826 को कई यहूदी मरे।
- कलकत्ता में इंडियन एसोसिएशन की स्थापना 1876 में हुई।
- विंस्टन चर्चिल ने 1945 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया।
- नीदरलैंड ने 1951 में जर्मनी के साथ युद्ध खत्म किया।
- कम्युनिस्ट क्रांतिकारी फ़िडेल कास्त्रो के नेतृत्व में 1953 को क्यूबा की क्रांति शुरू हुई।
- मिस्र ने 1956 में स्वेज नहर पर कब्ज़ा किया।
- मालदीव के ब्रिटेन से 1965 में मिली आजादी।
- दक्षिण कोरिया में 1993 को बोइंग विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। 66 यात्री मारे गए।
- तुर्की वायु सेना द्वारा 1994 को कुर्द में की गई बमबारी में 70 लोग मारे गए।
- श्रीलंका ने 1997 में 'एशिया कप' जीता, खमेर रूज के नेता पोलपोट को आजीवन कारावास।
- महानतम महिला एथलीट जैकी जायानर कर्सी ने 1998 में एथलेटिक्स से सन्यास लिया।
- फिजी में विद्रोही नेता जार्ज स्पीट को 2000 में सेना ने गिरफ्तार किया।
- इंडोनेशिया की एक अदालत ने 2002 में पूर्व राष्ट्रपति सुहातों के पुत्र को 15 वर्ष के कारावास की सज़ा सुनायी।
- प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य निशानेबाज़ी चैम्पियनशिप 2002 में प्रारम्भ हुई।
- ईरान के विदेश मंत्री कमल करजई ने 2004 में भारतीय प्रधानमंत्री के साथ गैस पाइप लाइन के प्रस्ताव पर वार्ता की।
- नासा शटल डिस्कवरी का प्रक्षेपण 2005 में हुआ।
- लेबनान में इस्रायल हमले में 2006 को चार संयुक्त राष्ट्र पर्यवेक्षक मारे गये।
- पाकिस्तान ने 2007 में परमाणु शक्ति सम्पन्न क्रूज मिसाइल बाबर हत्फ़-7 का सफल परीक्षण किया।

**विशेष आलेख**

**'कारगिल विजय दिवस'**

# भारतीय सेना ने अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए बलिदान दिया

राजेश कुमार मीना झारेडा




कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है।इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच1999 में कारगिल युद्ध हुआ था।जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत को विजय श्री मिली। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है।कारगिल विजय दिवस 1999 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की याद में मनाया जाता है।पूरी दुनिया में मशहूर भारत अपने साहस और वीरता के लिए जाने जाते है।भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव किसी से छिपा नहीं है।

कारगिल युद्ध वह लड़ाई थी जिसमें पाकिस्तानी सेना ने द्रास-कारगिल पहाड़ियों पर कब्जा करने की कोशिश की थी।कारगिल युद्ध पाकिस्तान के गलत इरादों का सबूत है।इतिहासकारों का यह मानना है कि पाकिस्तान के तत्कालीन सेना प्रमुख परवेज़ मुशर्रफ ने भारत की सीमाओं में आने की कोशिश की थी। भारत ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी और पाकिस्तान को हरा दिया। कारगिल युद्ध पाकिस्तान की हार का प्रमाण है।भारत ने अपने कई वीर योद्धाओं को खोया है।जिनका बलिदान इस देश के लिए एक मिसाल बन गया। देश इन सपूतों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। इसलिए हर साल 26 जुलाई को हम कारगिल विजय दिवस मनाते हैं।

जब भारत-पाकिस्तान अलग हुए तो पाकिस्तान की मंशा यह थी कि सम्पूर्ण कश्मीर पाकिस्तान के हिस्से में रहे। पाकिस्तान कश्मीर पाने के लिए हमेशा घुसपैठ के अलग-अलग तरीके अपनाते हैं। कारगिल युद्ध का कारण बनने वाले तरीकों में से एक भारत की सीमाओं में प्रवेश करने का प्रयास था।पाकिस्तान की हिम्मत इतनी बढ़ गई थी कि उसने सीमा में घुसकर पेट्रोलिंग के लिए घटना स्थल पर गए भारतीय जवानों पर हमला कर दिया।भारत को इस बात का अंदेशा नहीं हुआ कि पाकिस्तान का मन युद्ध करने का है।आख़िरकार पाकिस्तान की ग़लत हरकतों को देखते हुए भारत ने युद्ध की घोषणा करनी पडी। शुरुआत में भारत पाकिस्तान के इरादों से अनजान था।लेकिन एक चरवाहे ने कारगिल की पहाड़ियों पर पाकिस्तानी सेना के कदमों की जानकारी दे दी। जल्द ही जब भारत को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने तुरंत गशत बढ़ा दी और चरबाहे द्वारा दी गई जानकारी के बारे में और जानने की कोशिश की। तब उस इलाके में घुसपैठियों की मौजूदगी का पता चला। शुरुआत में भारतीय सेना ने इन घुसपैठियों को जिहादी माना और इन्हें खदेड़ने के लिए कम संख्या में अपने सैनिक भेजे, लेकिन प्रतिद्वंद्वियों के जवाबी हमलों और एक के बाद एक कई इलाकों में घुसपैठियों की मौजूदगी की खबरों के बाद भारतीय सेना समझ गयी।सेना को यह समझते देर नहीं लगी कि यह वास्तव में एक योजनाबद्ध और बड़े पैमाने पर घुसपैठ थी। जिसमें न केवल जिहादी बल्कि पाकिस्तानी सेना भी शामिल थी।इसे समझते हुए भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन विजय' शुरू किया, जिसमें 30,000 भारतीय सैनिक शामिल थे। 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में कम से कम 550 भारतीय सैनिक शहीद हुये थे।1300 सैनिक घायल हुए। इतने संघर्षों के बाद हमने लड़ाई जीती और अपनी जीत का झंडा फहराया। हमारे देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले उन विशेष सैनिकों की याद में, 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस हर साल बड़े सम्मान और गर्व के साथ मनाया जाता है। इस ऑपरेशन के नाम के अनुसार 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस घोषित किया गया ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी उन देशभक्तों की वीरतापूर्ण कहानियों के बारे में जानें और उन वीरों को धन्यवाद दें। आज कारगिल और द्रास के क्षेत्र, जिन्हें हम सब गर्व से भारत का अंग बताते हैं, उन शहीदों की देन हैं।जिन्हें हम हर वर्ष विजय दिवस पर श्रद्धांजलि देकर अपना आभार व्यक्त करते हैं। कारगिल विजय दिवस भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना है जो हमें दिखाती है कि राष्ट्रीय एकता और साहस का महत्व क्या है। कारगिल युद्ध के दौरान, भारतीय सेना ने जोरदार साहस और पराक्रम दिखाकर दुश्मन को परास्त कर दिया था। यह विजय दिवस हमें याद दिलाता है कि भारतीय सेना ने अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए किस प्रकार का बलिदान दिया और देश की आज़ादी और सुरक्षा को संरक्षित करने में किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दिन को मनाने के माध्यम से हम उन वीर जवानों को याद करते हैं जिन्होंने अपने जीवन को देश की सेवा में समर्पित किया। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को समर्पित करने का और हमें समझने का कि शांति और सुरक्षा के लिए हमें सदैव तैयार रहना चाहिए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

अतिरिक्त जिला कलक्टर सुरेश चौधरी की भरनी में रात्रि चौपाल

# स्थानीय प्रकृति की शिकायतों का वहीं पर तत्काल समाधान नहीं हुआ तो सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ होगी कार्रवाई

## नाराज एडीएम ने टोंक एसडीओ को नजर रखने को कहा, ग्रामीणों खासकर काफी संख्या में आई महिलाओं को एडीएम ने सुना, कहा, यहां अफसर सुनवाई नहीं करें तो 'मैं हूं ना'

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** जिले के ग्राम पंचायत भरनी के राजीव गांधी सेवा केंद्र में बुधवार रात्रि को हुई चौपाल में अतिरिक्त जिला कलक्टर सुरेश चौधरी ने स्थानीय नेचर की समस्याएं सामने आने पर नाराजगी जताई और स्थानीय अधिकारियों को तत्काल ऐसे प्रकरणों पर सुनवाई कर लोगों को राहत देने के निर्देश दिए। उन्होंने टोंक उपखण्ड अधिकारी को इन समस्याओं की सूची बनवाकर उनके निस्तारण के समय पर नजर रखने को कहा। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे स्थानीय प्रकृति की समस्याओं का ७ दिन के भीतर निस्तारण हो जाना चाहिए। जिस पर वहां मौजूद लोगों और काफी संख्या में आई महिलाओं ने ताली बजाकर स्वागत किया। जनसुनवाई में बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याएं सामने आई। एडीएम ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर की समस्याओं का हल स्थानीय स्तर पर ही करें जिससे ग्रामीणों को जिला मुख्यालय नहीं आना पड़े। उन्होंने उपखंड अधिकारी राहुल सैनी को संबंधित विभागों से समस्याओं की रिपोर्ट लेने के भी निर्देश दिए।



**'जल्द समाधान होगा, कार्रवाई नहीं हो तो मुझे बताएं'** : जनसुनवाई में पशुचिकित्सालय के प्रभारी ने पशुचिकित्सालय के लिए भूमि आवंटित करने, पंचायत के ग्राम रानीपुरा के ग्रामीण रामपाल एवं दुर्गा माली तथा भरत लाल ने पीएम आवास का लाभ दिलाने, रामलाल बैरवा एवं गिरधर गौत्तम ने पेयजल कनेक्शन करने की गुहार लगाई। ग्रामीण गिरधर ने विद्युत डीपी लगवाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। इसी तरह भरनी के समस्त ग्रामीणों ने नया गांव में भैरूजी के रास्ते पर अतिक्रमण हटाने तथा रोड बनवाने का प्रार्थना पत्र सौंपा। ग्राम के मज कुम्हार ने पशु आहार का भुगतान दिलाने एवं प्रहलाद ने चरागाह भूमि पर जबरन कब्जा कर पक्का निर्माण पर कार्रवाई करने के लिए गुहार लगाई। ग्रामीण प्रधान कुम्हार ने नल जल मित्र भर्ती में सरपंच एवं सचिव द्वारा अनियमितता बरतने का प्रार्थना पत्र दिया। मोहन लाल बैरवा ने रानीपुरा नया गांव में शमशान घाट का बजट देने बंटी मीना ने खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने का प्रार्थना पत्र दिया। एडीएम ने सभी समस्याओं का जल्द से निराकरण करवाए जाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिष्ठा पिलानिया, तहसीलदार रामधन गुर्जर, विकास अधिकारी सविता राठौड़ समेत अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



# राजस्थान प्रदेश शीध्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा : कन्हैयालाल चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** प्रदेश के भूजल एवं जन स्वास्थ्य अभ्यिान्त्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने आशा प्रकट करते हुए कहा है कि बीमारू प्रदेश की श्रेणी में आने वाला राजस्थान प्रदेश शीध्र विकास के नए आयााम स्थापित करेगा। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन व प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान प्रदेश शीध्र ही विकास के नए आयाम स्थापित करेगा ।चोधरी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के अलावा मंत्री हीरालाल नागर, आवास व शहरी विकास निगम एवं भारतीय सौर ऊर्जा निगम के तत्वावधान में रिन्यू ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझोता करने के बाद मीडिया से वार्ता कर रहे थे। मंत्री चौधरी ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब प्रदेश विकसित प्रदेशो की श्रेणी में आएगा। मंत्री चौधरी ने कहा कि यह समझोता होने के बाद प्रदेश के विकास के सभी द्वार खुल गए हैं। आवास व शहरी विकास निगम एवं भारतीय सौर ऊर्जा निगम के तत्वावधान में रिन्यू ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझोता प्रदेश के विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही यह समझोता प्रदेश के विकास को नवीन गति प्रदान करेगा। समझोते के समय उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, मुख्य सचिव सुधांशु पंत, हूडको के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ, आरएचयूपीएल के संस्थापक एवं सीईओं सुमंत सिन्हा सहित अन्य कई आला अधिकारी मौजुद रहे।

# निवाई में जमकर बरसे बदरिया क्षेत्र में 55 एमएम बारिश दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** उपखण्ड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में दो दिन लगातार जमकर बरसात हुई। जिससे नालों में उफान आ गया। गुरूवार को क्षेत्र में 55 एमएम बारिश दर्ज की गई है। गुरूवार को दिनभर सावन की झडी लगी रही। बुधवार व गुरूवार को काले बदरिया जमकर बरसे। वहीं बरसात से गावों में खेतों में भी पानी लबालब भर गया एवं तालाबों में पानी की आवक बढ गई। वहीं शहर में तेज बरसात से कॉलोनियों, मकानों व दुकानों में भी पानी चले जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। गुरूवार को करीब 1 घण्टे तक तेज बारिश हुई जिससे रक्तांचल पर्वत के झरने भी तेज गति में बहने लगे। बरसात से कई स्थानों पर सडकों पर पानी भर गया तथा बरसात के दौरान कोशी गंगा नाले में उफान आ गया। वहीं शिवाजी पार्क रोड, पटेल रोड व जिरात वाले बाबा रोड पर घुटनों तक पानी बहने लगा। मानसून के प्रवेश के बाद क्षेत्र में पहली बार तेज बरसात हुई है। बरसात से पिछले एक सप्ताह से पड रही उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को निजात मिली। वही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड गई। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता कानाराम गुर्जर ने बताया कि तहसील क्षेत्र में गुरूवार को 55 एमएम बरसात हुई है।

# पीपलू में एससी-एसटी के बेरोजगार युवाओं के लिए ऋण शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** ग्राम पंचायत पीपलू में शुक्रवार को एससी-एसटी के बेरोजगार युवाओं के लिए ऋण आवेदन शिविर का आयोजन कर मौके पर ही ऋण के आवेदन तैयार करवाए जायेंगे। राज्य के औद्योगिक विकास में अनुसूचित जाति जनजाति वर्गों की भागीदारी करने के उद्देश्य से डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत पंचायत समिति स्तर पर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन जाएगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि योजना में विनिर्माण क्षेत्र में 10 करोड, सेवा क्षेत्र में 5 करो? तथा व्यापार क्षेत्र में 1 करो? रुपये तक का ऋण वित्तीय संस्थान के माध्यम से लिये जाने का प्रावधान है। महाप्रबंधक ने बताया कि योजना के तहत 25 लाख रुपये तक के ऋण पर 9 प्रतिशत, 25 लाख से 5 करो? रुपये तक के ऋण पर 7 प्रतिशत, 5 से 10 करो? रुपये के ऋण पर 6 प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं 25 लाख रुपये अथवा 25 प्रतिशत एक मुश्त अनुदान देने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि ऋण लेने के इच्छुक आवेदक जन आधार कार्ड, जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र, पेनकार्ड, बैंक पासबुक एवं परियोजना रिपोर्ट के साथ शिविर में आकर योजना का लाभ उठाएं।

# विधानसभा में ऊर्जा मंत्री को विधायक रामसहाय ने विद्युत सहित कई समस्याओं से करवाया अवगत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** विधानसभा भवन में बुधवार को आयोजित बैठक में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के समक्ष विधायक रामसहाय वर्मा ने क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सहित कई समस्याओं के निराकरण की लिखित मांग की। विधायक रामसहाय वर्मा ने बताया कि बिजली की समस्याओं को लेकर विधानसभा भवन में जयपुर विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ ऊर्जा मंत्री और विधायकों की बैठक हुई। विधायक ने निवाई विधानसभा क्षेत्र में बिजली की सभी समस्याओं को प्रमुखता से लेते हुए उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की। विधायक वर्मा ने ऊर्जा मंत्री से निवाई में 132 केवी जीएसएस की जगह 220 केवी का जीएसएस बनाने की मांग की। इसी प्रकार निवाई और पीपलू में सहायक अभियंता कार्यालय खोलने, टूटोली की जगह नयागांव में सब स्टेशन खोलने, पीपलू में अधीक्षण अभियंता कार्यालय खोलने, डोडवाडी गांव को टोडारायसिंह से हटाकर पीपलू से जोडने की मांग की। विधायक ने ऊर्जा मंत्री से निवाई विधानसभा क्षेत्र के गांव झिलाय, बनस्थली, दत्तवास, राहोली, बडागांव, झिरना व राणोली सहित कई गांवों में चौबीस घंटे बिजली उपलब्ध करवाने की मांग की। इस पर ऊर्जा मंत्री ने अधीक्षण अभियंता से विस्तृत रिपोर्ट लेकर विधायक रामसहाय वर्मा को एक माह के भीतर ऊर्जा विभाग की सभी प्रकार की समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

# कावड़ यात्रा को लेकर हिन्दु समाज की बैठक कल

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** महेश सेवा सदन में शनिवार 27 जुलाई को रात्रि 8 बजे सम्पूर्ण हिन्दु समाज की आवश्यक बैठक रखी गई है। हिन्दु समरसता मंच के एडवोकेट कृष्णकांत जैन ने बताया कि श्री शिव कावड़ यात्रा समिति के तत्वावधान में अगस्त माह की 11 व 12 तारीख को कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा 11 अगस्त को बीसलपुर से रवाना होकर 12 अगस्त को मालपुरा पहुंचेगी। इस कावड़ यात्रा पर विचार विमर्श करने के लिए सम्पूर्ण हिन्दु समाज की एक आवश्यक बैठक 27 जुलाई शनिवार को रात्रि 8 बजे महेश सेवा सदन में रखी गई है।


भारतीय सनातन मण्डल की विशाल कांवड यात्रा

# भोले के अभिषेक को उत्साही कांवड़ियों का रैला,

## भक्तों के स्वागत को शहर में लगा मेला, सकल समाज और बाजार में दुकानदारों ने बरसाए पुष्प



भारत विकास परिषद के रमेश काला कांवड़ियों का स्वागत करते हुए



कांवड़ यात्रा का विहंगम दृश्य

### डेढ़ किमी कांवड यात्रा, 501 कांवडिए जल लेकर मंदिर पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** भारतीय सनातन मण्डल की ओर से श्रावण मास में गुरुवार का विशाल कांवड यात्रा का आयोजन किया गया। डेढ़ किलोमीटर लम्बी यात्रा में 501 कांवडिए शामिल हुए। राधा-किशन मंदिर से रवाना होकर कांवड यात्रा भूतेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां कांवडियों ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। इससे पहले कांवड यात्रा का शहर के प्रमुख मार्ग पर सभी समाजों की तरफ से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भारतीय सनातन मण्डल के अध्यक्ष कार्तिकेय बम्ब ने बताया कि कांवड लिए कांवडिए गुरुवार सुबह ९ बजे राधा-किशन मंदिर से रवाना हुए। यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए घंटाघर, सुभाष बाजार, बड़ा कुआं होते हुए भूतेश्वर महादेव मंदिर पहुंची।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों-सदस्यों ने भी हिन्दु धर्म के सकल समाज की तरफ से आयोजित कांवड यात्रा का भव्य स्वागत किया। अध्यक्ष हनुमान प्रसाद जांगिड़ और कार्यक्रम संयोजक अशोक गांधी ने बताया कि बम भोले के जयकारों से टोंक शहर गूंजायमान हो गया। बाजारों में लगभग हर दुकान के बाहर व्यापारियों-संगठनों और विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों ने परिवार सहित यात्रा का स्वागत किया और पुष्प बरसाए। उन्होंने बताया कि यात्रा में बाबूलाल शर्मा, अमन, बद्रीलाल विजय, भागचंद विजय, केदार मेहरवाल, नेनू महावर, नरेन्द्र और मुकेश महावर, दिनेश बुन्देल, विष्णु पारीक, ओमप्रकाश जैन, रामप्रसाद गुर्जर, विजय लक्ष्मी शर्मा, मंजू गांधी, भारती विजय, प्रेमलता, मंजू तथा मधु गोयल शामिल हुए और स्वागत में अहम भूमिका निभाई।

भारत विकास परिषद के रमेश काला ने बताया कि विशाल कांवड यात्रा का घंटाघर से आगे बाजार में स्वागत किया गया। परिषद के सदस्यों ने कांवड़ियों पर पुष्प बरसाए और जयकारों से उनका उत्साहवर्द्धन किया।

# किसानो को दी जैविक खेती की उन्नत तकनीक की जानकारी

## किसानो के लिए एक दिवसीय कृषि तकनीकी स्थानान्तरण प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा उपखण्ड की बृजलालनगर ग्राम पंचायत के सदरपुरा गांव में सिकोईडिकोन संस्था के तत्वावधान में किसानो का एक दिवसीय तकनीकी स्थानान्तरण शिविर का आयोंजन किया गया।

गुरूवार को आयोजित शिविर के बारे में जानकारी देते हुए शाखा प्रभारी विवेक त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में भाग लेने वाले 45 किसानो को जैविक पद्धति से की गई खेती के लाभ बताते हुए जैविक खेती के लिए उन्नत तकनीको के बारे में विस्तार से बताया गया। शिविर में किसान सेवा समिति के अध्यक्ष जगदीश शर्मा एवं किसान महासंघ के अध्यक्ष कैलाश गुर्जर ने किसानो को आजिविका में उत्तरोत्तर वृद्धि करने के लिए स्मार्ट फार्म, पोषण वाटिका, किचन गार्डन के माध्यम से आदमनी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। दक्ष प्रशिक्षक अनिल थडानी ने रसायनिक खाद के उपयोग से होने वाले नुकसान तथा जैविक खाद से बढ़ने वाली भूमि की उर्वरा शक्ति के साथ खरीफ फसलो, फलदार पौधो, सब्जी उत्पादन के साथ साथ फसलो में लगने वाले कीट रोग व उनकी रोकथाम के बारे में बताया। साथ ही फलदार पौधो के रोपण के बारे में जानकारी दी। समन्वयक मोहन मीणा व सत्यनारायण योगी ने बताया कि शिविर में आसपास के 45 किसानो ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।



# सफाई कर्मचारियो की हड़ताल से चरमराई सफाई व्यवस्था



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** राजस्थान सफाई मजदूर संघ के आव्हान पर नगरपालिका मालपुरा के सफाई कर्मचारियो ने झाडू डाउन हड़ताल कर ज्ञापन सौंपा। राजस्थान मजदूर संघ द्वारा सफाई कर्मचारी भर्ती 2024 को लेकर एक मांग पत्र सरकार व विभाग कों सौंपा था। इन मांगो पर विचार नहीं होने के चलते संघ ने सम्पूर्ण राजस्थान में झाडू डाउन हड़ताल का आव्हान किया था। इसी आव्हान के चलते नगरपालिका मालपुरा के सफाई कर्मचारी व वाल्मिकी समाज के लोग दोपहर बाद कार्य बंद कर हड़ताल पर चले गए। सफाई कर्मचारियो के हड़ताल पर चले जाने से नगरपालिका क्षैत्र मालपुरा की सफाई व्यवस्था चरमराने की संभावना है। इधर मालपुरा नगरपालिका के सफाई कर्मचारी दोपहर अपना काम बंद नगरपालिका मालपुरा के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दोरान ही सफाई कर्मचारियो ने मुख्यमंत्री सहित विभागीय मंत्री, विभाग के उच्चाधिरियो, जिला कलक्टर व उपखण्ड अधिकारी के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी को सौंपी। वहीं पालिकाध्यक्ष सोनी ने सफाई कर्मचारियो को विश्वास दिलाया कि उनके ज्ञापन की प्रति शीध्र ही सरकार के पास भिजवाई जाकर मांगे स्वीकार करने का अनुरोध किया जाएगा।

# आफत बनी बरसात, घरों में घुसा बारिश का पानी

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** नटवाड़ा कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार की सुबह से हुई बारिश ने लोगों की दिक्कतों को बढ़ा दिया है। इसी के चलते गाँव नटवाड़ा में बस स्टेंड, स्कूल के रास्ते सहित अनेक मोहल्ले में जलभराव होने के कारण पानी घरों एवं दुकानों में दाखिल हो गया। जिसके कारण लोगों को घरों में गंदे पानी को निकालने तथा साफ सफाई के लिए दिनभर परेशानियों में से ही गुजरना पड़ा। क्षेत्र में लगातार हो रही बरसात से बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरों में पानी भरने के बाद पानी निकासी के लिए लोग इधर उधर भटकते रहे। मकानों के अंदर रखे खाद्य व घरेलू सामानों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने में जुटे रहे। घरों में पानी भरने के बाद लोगों को खाना बनाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ा। वही कई घरों में तो चूल्हे भी नहीं जले। पिछले 12 घंटो से रुक-रुककर खूब बारिश हुई।





अवैध चंबल बजरी के स्टॉक को लेकर पुलिस ने की कार्रवाई

# चंबल बजरी के करीब 400 टन स्टॉक को जेसीबी से नष्ट कराया

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** उपखंड की बसई डांग थाना पुलिस ने वन विभाग की टीम के साथ डांग के बीहड़ में अवैध चंबल बजरी के स्टॉक को लेकर कार्रवाई की है। डांग में अलग-अलग स्थानो पर जमा किये चंबल बजरी के करीब 400 टन स्टॉक को जेसीबी से नष्ट कराया गया है।

बसई डांग थाना अधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर विशेष अरावली अभियान के तहत अवैध चंबल बजरी परिवहन और स्टॉक को लेकर कार्यवाही की जा रही है। जिसमें मुखबिर तंत्र का भी सहयोग लिया जा रहा है।

बुधवार की शाम जरिये मुखबिर सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के बीहड़ में विशेष स्थानो पर चंबल बजरी का स्टॉक किया गया है। सूचना के पुख्ता होने पर बाड़ी एडिशनल एसपी कमल कुमार जांगिड़ और बाड़ी सीओ नरेंद्र कुमार को मामले से अवगत कराते हुए उनके सुपरविजन में वन विभाग की टीम के साथ सयुक्त रूप से कार्यवाही की है। जिसमें करीब आधा दर्जन स्थानों से 400 टन अवैध चंबल बजरी के स्टॉक को जेसीबी द्वारा नष्ट कराया गया है। पुलिस की कार्यवाही में बसई डांग थाने के हेड कांस्टेबल रघुवीर सिंह और राजवीर सिंह के साथ टीम में शामिल कांस्टेबल सुनील गिरी,सत्यप्रकाश,पालिंदर,उमाचरण,शिवराम,प्रदीप भान,राजेश सिंह और राकेश कुमार का विशेष सहयोग है।

**चंबल बजरी स्टॉक को लेकर ग्रामीणों में अनभिज्ञता :** चंबल बजरी स्टॉक को लेकर कार्रवाई करने गई पुलिस ने जब स्टॉक की गई बजरी को लेकर ग्रामीणों से जानकारी ली तो उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी। ग्रामीणों ने पूरे मामले से अनभिज्ञता जताई। इस पर पुलिस ने ग्रामीणों से समझाईश की और उन्हें बताया कि यह चंबल बजरी अवैध है। इसका परिवहन और स्टॉक करना गैरकानूनी है। ऐसे में ग्रामीणों को पुलिस का सहयोग करना चाहिए।

# निर्धारित लक्ष्यानुसार वृक्षारोपण की तैयारियां करें सुनिश्चित : अति. जिला कलक्टर

हरियाली तीज पर होगा सघन वृक्षारोपण, बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर, (राजू शर्मा)।** राजस्थान को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने की दृष्टि से बजट घोषणा में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के माध्यम से हर परिवार को जोडते हुए वृक्ष लगाने व पालने का लक्ष्य रखा गया है। इस संकल्पना को साकार करने के लिए राज्यभर में हरियाली तीज के अवसर पर दिनांक 07 अगस्त को राज्य भर में विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रमों में संघन वृक्षारोपण किया जायेगा। इसी क्रम में जिले में सघन वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्म लाल जाट की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक के दौरान अधिकारियों को लक्ष्यानुसार वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सुदर्शन सिंह तोमर ने बताया कि हरियाली तीज के अवसर पर वृक्षारोपण कार्य जिला ,ब्लॉक और ग्राम स्तर पर किया जाएगा। हरियाली तीज पर आयोजित कार्यक्रम में जिले भर में मनरेगा के माध्यम से 66 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही जिले को इस मानसून सीजन में कुल 15.81 लाख वृक्ष लगाने का लक्ष्य दिया गया है।

उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों में महिलाओं की विशेष भागीदारी रहेगी, जिसमें महिला जनप्रतिनिधि, महिला अधिकारी,कर्मचारी, लखपति दीदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, आशा सहयोगिनी, राजीविका सखी, नरेगा महिला मेट, महिला स्वयं सहायता समूहो के सदस्य, स्कूल एवं कॉलेज की छात्राएं आदि हर स्तर के कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी। साथ ही ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, राजीविका, जलग्रहण विकास, शिक्षा, कृषि एवं उद्यानिकी, वन एवं पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, सार्वजनिक निर्माण, एनएएचआई, उद्योग, रिको, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, जल संसाधन, चिकित्सा, खनिज, नगरीय विकास, स्वायतशासन एवं आवासन इत्यादि विभागो की वृक्षारोपण में भागीदारी रहेगी। हरियाली तीज पर जिला स्तर पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सांसद, विधायक, जिला प्रमुख,सभापति नगरपरिषद, अध्यक्ष नगर पालिका एवं अन्य जनप्रतिनिधगण तथा जिला स्तर के समस्त अधिकारी,कर्मचारी, धर्मगुरू, एनजीओं, सीएसआर प्रतिनिधि आदि की उपस्थिति रहेगी। ग्राम पंचायत स्तर पर संरपच, वार्ड पंच, वार्ड पार्षद एवं गणमान्य व्यक्ति तथा पंचायत स्तर के समस्त राजकीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यनुसार वृक्षारोपण हेतु स्थल चयन कर 31 जुलाई से पूर्व गड्ढे खुदवाने के निर्देश दिए साथ ही नर्सरी से भी समय से पौधे लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हरियाली तीज पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्य ,जिला ,ब्लॉक और ग्राम स्तर पर 7,7 प्रशस्ति पत्र सांकेतिक रूप से प्रदान किए जायेंगे। उन्होंने शिक्षा विभाग को रैली, प्रार्थना सभा में शपथ के माध्यम से वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग राजवीर सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जयंती लाल मीणा, सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

विनायक सेवा समिति की बैठक आयोजित

# आगामी गणेश महोत्सव को लेकर नवीन कार्यकारिणी का किया गठन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** बुधवार की रात शहर की विनायक सेवा समिति की बैठक का आयोजन सत्यनारायण धर्मशाला में किया गया। जिसमें आगामी गणेश महोत्सव को लेकर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक अंतराम पोद्दार की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे समिति से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी राजेन्द्र उर्फ खन्ना मंगल को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी गई। वही पवन गोयल को कोषाध्यक्ष,रामकुमार चौधरी को महामंत्री, अजय गर्ग को मंत्री,रमन एवं भानु को सूचना मंत्री की जिम्मेदारी सौपी गई है।

नवीन कार्यकारिणी के गठन के बाद आगामी गणेश महोत्सव को लेकर सभी सदस्यों के बीच चर्चा की गई। और समिति द्वारा लगातार 13वें गणेश महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि शहर की आस्था का केंद्र मां राजराजेश्वरी माता मंदिर पर माघ महीने के गुप्त नवरात्र में छप्पन भोग, फूल बंगला एवं सप्तशती चंडी के पाठ का समिति द्वारा आयोजन किया जाएगा। बेटनक में बोलते हुए विनायक सेवा समिति के नवीन अध्यक्ष खन्ना मंगल ने कहा की आप सबके सहयोग से विनायक सेवा समिति द्वारा पांच दिवसीय गणेश उत्सव एवं नवदुर्गा महोत्सव माता रानी की कृपा से मनाया जाएगा।समिति द्वारा सभी सदस्यों से यह भी आग्रह किया गया कि वे समिति से शहर के युवाओं को जोड़े जिससे धार्मिक आयोजन में उनका सहयोग मिल सके।

बैठक में पधारे सभी गणमान्यों का समिति के महामंत्री रामकुमार चौधरी ने आभार जताया और उनका स्वागत कुया गया। इस दौरान राघव मित्तल,रवि मोदी,अमित बिंदल आदि मौजूद रहे।

# पहला सुख निरोगी काया से ही सफल मानव जीवन की राह प्रशस्त होती है : लायन प्रमोद अग्रवाल

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स व निजी हॉस्पिटल के तत्वावधान में स्कूल खेल स्टेडियम बहरोड़ में एक विशाल निशुल्क प्राथमिक जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें 117 लोगों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श प्रदान किया गया एवं क्लब व निजी हॉस्पिटल की ओर से आवश्यकता अनुसार लोगों को दवाई उपलब्ध कराई गई एवं 15 लोगों को मेडिकल स्टाफ ने अग्रिम परामर्श हेतु दिशा निर्देश दिए।शिविर का शुभारंभ डॉक्टर भावेश यादव ने किया उन्होंने संबोधित करते हुए कहा की लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स के द्वारा निरंतर किए जा रहे सेवा कार्य अनुकरणीय है।इस अवसर मुख्य अतिथि के तोर पर असिस्टेंट गवर्नर लायन प्रमोद अग्रवाल ने कहा की स्वस्थ जीवन ही सुखी और सफल जीवन राह प्रशस्त करता है एवम बी.पी, शुगर, पल्स, ऑक्सीजन, वजन जैसी जांचों को समय-समय पर करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा हमें स्वयं को अपनी दिनचर्या में बदलाव लाकर के प्राथमिक स्तर पर बचा जा सकता हैद्य इस मौके पर हॉस्पिटल टीम को लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स की तरफ से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया द्य शिविर में डॉक्टर अशोक सेन,जॉन चेयरपर्सन कमल शर्मा व क्लब की ओर से क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश यादव, चार्टर अध्यक्ष राकेश रोहिल्ला ,सचिव प्रदीप यादव, कोषाध्यक्ष नवीन गोयल, एम जे एफ दिनेश अग्रवाल ,राकेश अग्रवाल ,मनोज अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, राकेश गोयल, आशीष गोयल, प्यारेलाल सैनी , राहुल यादव , निर्मल कौशिक, विपिन अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, त्रिलोक गुप्ता, मनीष खंडेलवाल आदि गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे ।

# सुरक्षा के लिए लिहाज से मॉक ड्रिल का किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपुतली (नि.स.)।** पनियाला मोड़ स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में गुरुवार को छात्रों के लिए आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य भूकंप जैसी अप्रत्याशित आपात स्थितियों के लिए तैयार रहने के साथ उनमें साहस और आत्मविश्वास का निर्माण करना और छात्रों की त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता को बढ़ाना था। आपदा प्रबंधन अभ्यास ड्रिल से पहले छात्रों को आपातकालीन निकास योजना, निकासी मार्गों और आपातकाल के दौरान क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, इसके बारे में जागरूक किया गया। छात्रों को मॉक ड्रिल का उद्देश्य भी समझाया गया, साथ ही यह भी बताया गया कि यह कैसे अप्रत्याशित आपात स्थितियों से निपटने और उनके लिए तैयार रहने में मदद करता है।

इस ड्रिल में शामिल बच्चों के लिए एक मूल्यवान व्यावहारिक सीखने का अनुभव प्रदान किया गया, जिसमें संकट के दौरान संयमित रहने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस ड्रिल में भाग लेने से, हमारे छात्रों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण कौशल और ज्ञान प्राप्त किया है जो उन्हें भविष्य में संभावित आपदाओं का प्रभावी ढंग से जवाब देने में मदद करेगा। प्रिंसिपल बिंदु सांगवान ने छात्रों को इस तरह के अभ्यासों के महत्व और एक सुरक्षित स्कूल वातावरण को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका के बारे में मार्गदर्शन किया।

## खेत विवाद को लेकर झगड़ा, घर में घुसकर हमले का मामला : झगड़े में दो सगे भाइयों सहित तीन लोग घायल हुए

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** उपखंड के बसई डांग थाना क्षेत्र के निभी गांव में खेत विवाद को लेकर झगड़ा और घर में घुसकर हमले का मामला सामने आया है। उक्त झगड़े में दो सगे भाइयों से तीन लोग घायल हुए हैं। जिन्हें धौलपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष द्वारा बसई डांग थाने में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज करते हुए जांच की जा रही है। बसई डांग थाना क्षेत्र के निभी गांव निवासी पीड़ित रामलखन पुत्र गोपी गुर्जर ने थाने में रिपोर्ट दी है की निभी गांव में उनका 10 बीघा खेत है। जिसमें फसल को लेकर परिवार के सभी लोग बुधवार की शाम जोत लगाकर अपने घर वापस आए थे। इसी दौरान खेत विवाद को लेकर गांव के रामधन, संतोष,हरजीत,करुआ सहित करीब एक दर्जन लोगों ने उनके घर पर आकर लाठी डंडे और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। उक्त हमले में राकेश एवं बृजराज पुत्र रामलखन,गुड्डन पुत्र माखन पर जान से मारने की नीयत से हमला किया गया। जिससे सिर सहित शरीर में कई स्थानों पर गंभीर चोट आई है। घटना के दौरान उनके चीखने और चिल्लाने की आवाज सुनकर जब ग्रामीण दौड़े आए तो आरोपी खेत की तरफ मत जाना,नहीं तो तुम सबको जान से मार देंगे की ऐलानियां धमकी देकर भाग गए। घटना के बाद ग्रामीणों के सहयोग से घायल राकेश,गुड्डन और बृजराज को धौलपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना को लेकर बसई धाम थाने में पीड़ित पिता ने रिपोर्ट दी है। बसई डांग थाना अधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया की निभी गांव में जमीन विवाद को लेकर हुए झगड़े के मामले में पीड़ित रामलखन पुत्र गोपीराम गुर्जर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामला जुर्म धारा 189(2),115(2), 126(2),125,333,352,351(2) भारतीय न्याय संहिता में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह को सौपी गई है।

# नीमराना प्रधान ने किये 36 लाख 50 हजार रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान



बहरोड़ (सुभाष यादव)। नीमराना पंचायत समिति के ग्राम पंचायत नानगवास में नीमराना पंचायत समिति प्रधान संतोष बलवान यादव एवं बलवान सिंह यादव पूर्व प्रधान एवं प्रथम जिलाध्यक्ष भाजपा अलवर उत्तर के द्वारा 36 लाख 50 हजार रुपए के विकास कार्य जिसमे 4 इंटरलॉकिंग टाइल्स का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर समस्त ग्राम वासियों के द्वारा प्रधान का फूल मालाओं से स्वागत और अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर बलवान सिंह यादव ने सभी ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अभी दो दिन पहले आए बजट में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए बजट की घोषणा की और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हर वर्ग को फायदा पंहुचाने का कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र में विकास के लिए धन की कमी नही आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री हमेशा विकास के लिए ततपर रहते हैं। और इसके बाद राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगो को अवगत कराया और अंत में मौके पर ही 10 लाख रुपए से बनने वाले सीवरलाइन के विकास कार्य की घोषणा भी की.इस अवसर पर नानगवास सरपंच विजय देवी, सातों सरपंच सुबेसिंह थानेदार, हाकीराम , सुरेंद्र यादव बीडीओ, गजेंद्र एलडीसी, अजीत , पूर्व सरपंच रतनलाल , उपसरपंच सतीश कुमार, धर्मपाल की पंच, लालसिंह , सहित गांव के सभी गणमान्य लोगों सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सांसे हो रही हैं कम-आओ पेड़ लगाए हम


बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** गुरुवार सुबह 7 बजे स्कीम नंबर दो पानी की टंकी के नीचे पीएचडी ऑफिस के आगे शिव मंदिर के पास गायत्री परिवार के द्वारा 11 पौधे छायादार फलदार फूल वाले लगाए गए। इसमें डॉक्टर राजीव सक्सैना डॉक्टर प्रमोद रावत, डॉ.सरोज गुप्ता व चंचल श्रीमती चंचल सक्सेना जी का विशेष सहयोग रहा साथ में स्कीम नम्बर 2 के लोगों का भी काफी सहयोग रहा।

## खेतों पर काम करने गये किसान की नदी में पैर फिसलने से मौत

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड के सदर थाना क्षेत्र के निधारा गांव में गुरुवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ है। खेतों पर काम करने गया किसान पास में बहने वाली नदी में पैर फिसलने से डूब गया और उसकी मौत हो गई। किसान को जब नदी में डूबते लोगो ने देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। इसके बाद जब तक ग्रामीण उसे बाहर निकालते नदी में डूबने के उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने किसान को नदी से निकाला और बाड़ी सामान्य अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सदर थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंच शव का पोस्टमार्टम कराया है और मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के निधारा गांव निवासी 37 वर्षीय किसान वीरेंद्र सिंह उर्फ वीरू पुत्र रामवीर गुर्जर बुधवार को शाम अपने खेतों पर बोई गई फसल को देखने गया था।

# अवैध खनन करते हुए ट्रैक्टर और कंप्रेसर मशीन जब्त : आरोपी मौके से हुआ फरार, फॉरेस्ट एक्ट के तहत मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर की सरमथुरा थाना पुलिस ने डोमई के जंगलों में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर और कंप्रेसर मशीन को जब्त किया है। पुलिस ने ट्रैक्टर और कंप्रेसर मशीन के साथ ड्रिल मशीन भी जब्त की है। पुलिस की कार्रवाई के दौरान खनन कर रहा आरोपी मौके से फरार हो गया। सरमथुरा थाना प्रभारी गौरव कुमार सेन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि डोमई के जंगलों में पत्थरों का अवैध खनन किया जा रहा है। जिस सूचना पर एएसआई अशोक सिंह के साथ पुलिस की टीम मौके पर भेजी गई, जहां पुलिस की टीम को देखकर खनन कर रहा आरोपी भाग गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को मौके पर अवैध खनन के लिए उपयोग में लिए जा रहे ट्रैक्टर के साथ कंप्रेसर मशीन और ड्रिल मशीन मिली। जिनके जरिए आरोपी पत्थरों को तोड़कर अवैध खनन कर रहा था। पुलिस ने मौके पर मिले ट्रैक्टर, कंप्रेसर मशीन और ड्रिल मशीन को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के मौके से भाग जाने के बाद पुलिस ने उसकी तलाश भी की। जिसके नहीं मिलने के बाद पुलिस ने फॉरेस्ट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## मां वाउचर योजना अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की होगी निशुल्क सोनोग्राफी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** राज्य सरकार द्वारा मां वाउचर योजना की शुरुआत की जा रही है।, जिसमें गर्भवती महिला की दूसरी या तीसरी तिमाही में गर्भावस्था के दौरान निशुल्क सोनोग्राफी कराई जाएगी, योजना में सोनोग्राफी सेंटरों को जोड़ा जाएगा। इस संबंध में राज्य स्तर से बुधवार को वीसी के माध्यम से अधिकारीयों को दिशा निर्देश दिए गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जयंती लाल मीणा ने बताया कि विभाग द्वारा सॉफ्टवेयर पीटीसीएस इंपैक्ट और ओजस का इंटीग्रेटेड कर ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है।

# मगरा क्षेत्र विकास योजना को लेकर विधायक कृपलानी ने सदन में उठाया मुद्दा

- बड़ीसादड़ी, बेगूं, बिजयपुर घाटा सहित निम्बाहेड़ा के गांवों को जोड़ने की मांग
- विधायक कृपलानी ने कहा कांग्रेस राज में विकास से अछूता रहा चित्तौड़गढ़ जिला

बढ़ता राजस्थान




**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य के पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने गुरुवार को विधानसभा सत्र के प्रश्नकाल के दौरान मगरा क्षेत्र विकास योजना से जुड़ा प्रश्न किया। इस दौरान कृपलानी ने चित्तौड़गढ़ जिले के बड़ीसादड़ी, बेगूं, चित्तौड़गढ़ के बिजयपुर घाटा सहित निम्बाहेड़ा के कुछ और गांवों को इस योजना से जोड़ने का आग्रह किया।

गुरुवार को विधायक कृपलानी ने विधानसभा में प्रश्न के माध्यम से पंचायत राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी से पूछा कि मगरा क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत कितने जिले शामिल हैं तथा चित्तौड़गढ़ जिले को पिछले तीन सालों में किस अनुपात में कितनी राशि दी या नही दी गई। जिस पर राज्य मंत्री देवासी ने बताया कि इस योजना में राज्य के पांच जिलों को शामिल किया गया है तथा पिछले तीन सालों में 58 लाख 42 हजार रुपये के 24 कार्य स्वीकृति हुए, वहीं अन्य जिलों में शामिल अजमेर-ब्यावर में 7.16 करोड़, भीलवाड़ा में 4.02 करोड़, चित्तौड़गढ़ में 66.46 लाख, पाली में 3.78 करोड़ तथा राजसमन्द में 23.35 करोड़ रुपये विकास कार्यों के लिए दिए गए। विधायक कृपलानी ने राज्य मंत्री देवासी के जवाब पर सवाल पूछते हुए सदन को अवगत करवाया कि मगरा विकास योजना के अंतर्गत चित्तौड़गढ़ जिले के 35 गांव शामिल है, लेकिन पिछले तीन वर्षों के दौरान कांग्रेस सरकार के समय मात्र 58 लाख रुपये विकास के नाम पर दिए गए, जिससे इन गांवों में एक-एक हेंडपम्प भी नहीं लगाया जा सकता। ऐसे में पांच जिलों को समान अनुपात में राशि का आवंटन क्यों नहीं किया गया। कृपलानी ने सदन के माध्यम से राज्य मंत्री देवासी से पूछा कि क्या सरकार इस योजना में और भी गांवों को शामिल करने का प्रस्ताव रखती है ? क्योंकि चित्तौड़गढ़ जिले के बड़ीसादड़ी, बेगूं एवं चित्तौड़गढ विधानसभा के बिजयपुर घाटा क्षेत्र व निम्बाहेड़ा के कुछ अन्य गांवों सहित करीब पौने दो सौ से दो सौ गांव ऐसे हैं जो मगरा क्षेत्र में बसते हैं तथा अपनी आर्थिक स्थिति के रूप में कैसे जीवनयापन कर रहे हैं, उनके भलाई को दृष्टिगत रखते हुए इन्हें शामिल करने का विचार रखती है तो हाँ, नही तो क्यों ?

इस पर मंत्री देवासी ने बताया कि जिलों को 50 प्रतिशत बीपीएल परिवारों एवं गांवों की संख्या के आधार पर भी 50 प्रतिशत मापदंड तय है जिनके आधार पर गांव योग्य होने पर जोड़ने की बात कही। विधानसभा में कृपलानी ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में चित्तौड़गढ़ जिले को मगरा विकास योजना के अंतर्गत भेदभाव के कारण विकास के लिए पूरी राशि का आवंटन नही हो सका, जिससे जिले के मगरा क्षेत्र विकास से अछूते रहे। सभापति वासुदेव देवनानी ने राज्यमंत्री देवासी से विधायक कृपलानी के प्रश्नों पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# पूर्व सहकारिता मंत्री आंजना ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अत्यधिक बिजली कटौती के कारण ग्रामीणों में व्याप्त भारी रोष से करवाया अवगत

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने गुरुवार को राज्य के मुख्यमंत्री के नाम राज्य में हो रही अकारण अत्यधिक विद्युत कटौती को लेकर पत्र लिखा। पत्र के माध्यम से अकारण हो रही अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीण क्षेत्रवासियों की समस्याओं एवं ग्रामीणों की भारी नाराजगी से अवगत करवाया। पेच एरिया स्थित कांग्रेस कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार के पूर्व सहकारिता मंत्री आंजना ने अपने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विद्युत विभाग द्वारा संपूर्ण राजस्थान में विद्युत कटौती की जा रही है, उक्त विद्युत कटौती से विशेष रूप से ग्रामीण जन एवं धर्मस्थल अत्यधिक प्रभावित हो रहे हैं। क्योंकि पवित्र माह श्रावण मास प्रारम्भ हो चुका है इस श्रावण मास में भगवान शिव जी की आराधना करने वाले भक्तगण व्रत, उपवास तो रखते ही हैं साथ ही पूरे महीने धर्मस्थलों पर भगवान शिव जी का अभिषेक भी किया जाता है, परंतु विद्युत विभाग द्वारा सरकारी आदेश होने की बात कह कर की जा रही असामयिक विद्युत कटौती से उक्त धार्मिक कार्य प्रभावित हो रहे है जिससे भक्तगण अत्यधिक पीड़ा में है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में रात्रि 8:00 बजे से लेकर मध्य रात्रि 2:00 बजे तक की समयावधि में समय-समय पर विद्युत कटौती की जाती है जिससे ग्रामीण जनों का जन जीवन अत्यधिक प्रभावित हो रहा है जिससे ग्रामीण क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त है। प्रतिदिन सैकड़ो ग्रामीण जनों एवं भक्तगणों द्वारा मुझसे संपर्क करके विद्युत कटौती के कारण हो रही पीड़ा से मुझे अवगत करवाया जा रहा हैं।

मैं ग्रामीण जनों सहित शिव भक्तों की पीड़ा को पत्र के माध्यम से आप तक पहुंचाते हुए निवेदन करता हूं कि ग्रामीण जनों को हो रही परेशानियों एवं श्रावण मास में धर्मस्थलों पर हो रहे आयोजनों को ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग द्वारा की जा रही असामयिक विद्युत कटौती को तुरंत समाप्त किया जाए जिससे सम्पूर्ण राज्य के ग्रामीण क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान हो

# पालिका में 4 वर्ष बाद हुई पहली बैठक में विकास के मुद्दों को पचा नहीं पाई कांग्रेस, किया बहिष्कार

- खेल मैदान के आगे की जगह 10बाई15 फिट दुकानों की नीलामी पर बनी सहमति
- दुकान की नीलामी को लेकर कांग्रेसियों ने किया बैठक का बहिष्कार

बढ़ता राजस्थान






**अंता ( नि.स. )।** अंता नगर पालिका में सब कुछ ठीक नहीं दिख रहा पिछले महीने में 6 बार अध्यक्ष बदले गए हैं। अब एक बार फिर भाजपा के अंता नगर अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल के हाथ में अध्यक्ष पद की चाबी आई है । चाबी आते ही सप्ताह भर में सबसे पहले विकास कार्यों के लिए बैठक बुलाई गई नगर पालिका अन्ता की 4 वर्ष बाद पहली बार चुने हुए पार्षदों के लिए महत्वपूर्ण बोर्ड की बैठक गुरुवार को कोर्ट के आदेश के कार्यवाहक चेयरमेन रामेश्वर खण्डेलवाल की अध्यक्षता में की गई । जिसमें विकास के निम्न विषय पर विचार विमर्श किया । पहला प्रस्ताव सरदार वल्लभ भाई पटेल की खाली पड़ी जमीन पर 15बाई10 की दुकानों के लिए भूमि निलाम कर नगर पालिका में राजस्व बढ़ाकर कस्बे का सौंदर्य करण किया जा सके जिस पर कांग्रेस के पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार कर बाहर नारे बाजी करते रहे। पूर्ण बहुमत से सत्ता पक्ष भाजपा पार्षदों ने सर्वसम्मति से स्टेडियम की खाली जमीन नीलामी का प्रस्ताव पारित किया गया । दूसरा प्रस्ताव रेन बसेरे का अधूरा निर्माण को पूरा कर भुगतान किया जाए, सभी समाज को सामुदायिक भवन बनाने के लिए जमीन आवंटित की जायगी। अधिशाषी अधिकारी ने ठेकेदारों को धार्मिक कार्यों का भुगतान करने के बात कही जिस पर अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल ने अधिशाशी अधिकारी की बात काटते हुए कहा कि धार्मिक निर्माण कार्य राज्य सरकार द्वारा नहीं कराए जाते पिछली कांग्रेस कार्यकाल में चुनाव से पहले आनंद फानन में मंदिर मदरसों के टेंडर लगाकर निर्माण कार्य करवाए गए ।अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल ने कहा कि पहले जिन अधिकारियों ने नियमों का उल्लंघन कर निर्माण करवाए गए उन अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए उसी के बाद सभी ठेकेदारों का भुगतान किया जाए जिसका सर्वसम्मति से हाथ उठाकर कर सभी पार्षदों ने समर्थन किया ।

### भाजपा पार्षदों ने उठाए मुद्दे

- पार्षद हरि गुर्जर ने बस स्टेण्ड का मुद्दा उठाया, रावण जी के चौक पर अतिक्रमण हटाकर बस स्टेण्ड बनाया जाए जिसका सर्वसम्मति से सभी पार्षदो ने हाथ उठाकर समर्थन किया।
- वार्ड 10, पार्षद इलियास अंसारी ने नगर पालिका के सामने कब्रिस्तान में घटिया निर्माण का आरोप लगाया।
- विद्युत विभाग सरकारी कर्मचारी रईस अहमद पर आरोप लगाया कहा किसी भी सरकारी कर्मचारी को ठेका नहीं दें ।
- पार्षद कुलदीप शाक्य ने तीन-चार कर्मचारियों पर आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगाए।
- पार्षद धनराज चौरसिया ने मैंन मार्केट में शौचालय नहीं होने का मुद्दा उठाया
- महिला पार्षदों ने सिंघाड़े तलाई पर हो रहे कब्जे को हटाने की मांग की और वार्डो में विद्युत पोल लगाने की मांग की ।
- पार्षद पुष्पेंद्र टॉक ने मुर्दा मवेशी के लिए जगह चिन्हित की जाए ताकि वहां मुर्दा मवेशी फेंक सके और आवारा जानवरो के लिए इंतजाम किए जाए।

### इन कांग्रेस पार्षदो ने किया बैठक का बहिष्कार

बाबूलाल देवलिया, संतोष गालव, दिलीप कुमावत, अजय मेहता, राजेंद्र सिंगौर, नरेंद्र गोचर, रोशन खानम, दिलशाद बनो, सावित्री बाई,अनीता गुर्जर तो वही कांग्रेसी पार्षद रामराज बागड़ी कुछ दिन पहले भाजपा में शामिल होकर भाजपा दीर्घा में बैठकर भाजपा की शोभा बढ़ा रहे थे ।

# गांधी वाटिका के विकास कार्य पूर्ण करने एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग

## कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कपासन में राज्यपाल के नाम सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर कांग्रेस कमेटी कपासन द्वारा नगर के मुख्य मार्ग स्थित गांधी वाटिका का अधूरा पड़ा विकास कार्य पूर्ण करने एवं पूर्व में गांधी वाटिका में लगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ा गया ।ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम पर उपखंड कार्यालय कपासन में उपस्थित होकर नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत की अगुवाई में तहसीलदार जगदीश बामणिया को ज्ञापन सौंपा गया ।उक्त ज्ञापन में गांधी वाटिका का कार्य पूर्ण करने एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञापन प्रक्रिया में प्रवक्ता विजय बारेगामा,देवेंद्र सालवी,एडवोकेट मांगीलाल बेरवा,भवानीशंकर लोहार,नगर महासचिव गुड्डू खान,अख्तर बुखारी, नगर उपाध्यक्ष सुर्यप्रकाश सिरोया,प्रवक्ता मधुसूदन कुमावत,युवा नेता रवि सोनी,पार्षद प्रत्याशी फारूक नीलगर,एडवोकेट मोहम्मद इलियास,विनय खटीक सत्यनारायण सेन आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शहर में दोपहर तक 2 इंच से अधिक बारिश, निचली बस्तियों में भरा पानी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** शहर में गुरुवार को सुबह हुई बारिश के दौरान सड़कें दरिया बन गई। नाले उफान पर आ गए और निचली बस्तियों में पानी भर गया। अस्पताल की दीवार गिर गई।

शहर में बारिश का दौर सुबह 9.30 बजे से शुरू हुआ। दोपहर 2.30 बजे तक 2.20 इंच बारिश दर्ज की गई है। बारिश के बाद बीते कुछ दिनों से उमस झेल रहे कोटा के लोगों को इससे राहत मिली, लेकिन दूसरी तरफ तेज बारिश से सड़कें दरिया बन गई और कई निचली बस्तियों में पानी भी भर गया. शहर के नयापुरा, डीसीएम व प्रेमनगर की निचली बस्तियों में पानी भर गया। डीसीएम व प्रेम नगर में सभी नाले उफान पर आ गए। इन नालों का पानी भी सड़कों पर बहने लगा और सड़कों पर दरिया की तरह पानी निकल गया. लोगों का इन सड़कों पर से निकलना भी दुश्वार हो गया। दूसरी तरफ, रामपुरा जिला अस्पताल की एक बड़ी दीवार नीचे गिर गई। इस दीवार के पास सहारे खड़े हुए कुछ वाहन चपेट में आ गए और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। बच्चे भी नहीं खेल रहे थे, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि पहले से ही इस दीवार के संबंध में अस्पताल प्रबंधन को सूचित किया गया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद आज यह हादसा हो गया। इधर, बारिश से मौसम सुहाना भी हो गया है।

# आगामी 11 अगस्त को भव्य कावड़ यात्रा के आयोजन हेतु शिव भक्त तैयारियों में जुटे

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** प्रतिवर्ष की भांति श्री अमरनाथ कावड़ यात्रा संघ एवं श्री अमरनाथ मित्र मण्डल कपासन के शिव भक्तों द्वारा विशाल एवं भव्य कावड़ यात्रा का आगामी 11 अगस्त रविवार को आयोजन किया जायेगा ।जिसको लेकर कावड़िये तैयारियों में जुट गये है। श्री अमरनाथ कावड़ यात्रा संघ व श्री अमरनाथ मित्र मण्डल कपासन के अध्यक्ष पंच कैलाशी महेश चन्द्र पलोड़ ने बताया कि श्रावण मास में देवा दी देव महादेव का जलाभिषेक करने के लिये कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा हैं ।प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कावड़ यात्रा मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया स्थित श्री मंगलेश्वर महादेव का जलाभिषेक पूजा अर्चना कर 11 अगस्त रविवार प्रातः 8.30 बजे रवाना होगी ।कावड़ यात्रा के शिव भक्त नाचते गाते कावड़ के जल से यात्रा मार्ग के शिवालयों पर शिव जी का जलाभिषेक तथा अन्त में कपासन उप कारागृह स्थित श्री जलेश्वर महादेव पहुंचकर देवो के देव महादेव का महा जलाभिषेक एवं महाआरती प्रसाद के साथ कावड़ यात्रा संपन्न होगी। उल्लेखनीय है कि कावड़ यात्रा को लेकर कावड़ियो में उत्साह व्याप्त हैं ।साथ ही कावड़ यात्रा के सफल आयोजन को लेकर भक्त एवं कावड़िये तेयारियो में जुट गये हैं ।इधर इस कावड़ यात्रा का शिव भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया जायेगा।

# दुकानदार की पत्नी को बातों में उलझाकर दुपट्टे चुराकर भागी महिला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** दुकान में ग्राहक बनकर पहुंची महिला दुपट्टे लेकर भाग गई। दुकानदार ने स्टॉक मिलान किया तो सामान कम नजर आया। सीसीटीवी फुटेज देखने पर घटना का पता लगा। महिला 10 मिनट तक दुकान में रूकी थी। मामला कोटा शहर के तलवंडी इलाके का है। दुकानदार आरिफ अंसारी के अनुसार तलवंडी सेक्टर 3 में मधुबन पार्क कर सामने फेमिना लिबास वर्ल्ड नाम से कपड़े की दुकान है। दुकान पत्नी भी संभालती है। मंगलवार रात 7 से 8 बजे के बीच एक महिला ग्राहक बनकर कपड़े लेने के बहाने दुकान में आई। उस वक्त पत्नी दुकान पर मौजूद थी। दुकान में एक अन्य ग्राहक भी थी। महिला दुकान में कपड़े देखने लगी। पत्नी को बातों में उलझाया।

# कचोलिया ग्राम में पुस्तैनी रोड़ी पर खाद डालने गई महिला पर हमला किया, गंभीरावस्था में महिला जिला मुख्यालय रेफर

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्र के ग्राम कचोलिया में पुस्तैनी रोड़ी पर खाद डालने गई महिला पर हमला कर गंभीर घायल कर दिया ।जिससे महिला को उपचार हेतु गंभीरावस्था में जिला मुख्यालय रेफर किया गया।

जानकारी अनुसार पुस्तैनी रोड़ी पर खाद डालने जा रही सुशीला शर्मा पत्नी सोहनलाल नि. ग्राम कचोलिया पर जगदीश शर्मा,पुष्पा,अनिल व गोतम शर्मा ने हम सलाह होकर धारदार हथियार से हमला किया एवं चारो ने सुशीला को नीचे गिराकर सिर पर लठ बरसाने लगे ।जिससे सुशीला गंभीर घायल हो गई एवं खुन बहने लगा ।तभी बीच बचाव करने गई सुशीला की पुत्रवधु प्रमिला पर भी हमला कर दिया ।जिससे प्रमिला के हाथ एवं अंगुलियों पर चोटे लगी ।चारो ने हम सलाह होकर सुशीला के सिर पर लठ व धारदार हथियार से हमला कर दिया ।जिससे सुशीला गंभीर घायल होकर बेहोश हो गयी ।जिसे गंभीरावस्था में उपजिला चिकित्सालय कपासन लाए जहां से हालत गम्भीर होने पर सांवलिया चिकित्सालय चित्तौडगढ रेफर किया गया ।सुशीला शर्मा की ओर पुलिस थाना कपासन में प्रकरण दर्ज कराया है ।इधर पुलिस अनुसंधान में जुटी है।

# अज्ञात चोरों ने सूने मकान पर हाथ साफ किया

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला(नि.स.)।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में बीती रात अज्ञात चोरों ने सूने मकान पर हाथ साफ किया। चौमहला कस्बे के नीचे मंडी माल गोदाम रोड स्थित करीब तीन से चार मकान पर अज्ञात चोरों द्वारा सुने मकानो पर निगरानी कर ताला तोड़ निशाना बनाया गया ।फरियादी निर्मला मीणा अनुसार जिनकी माँ गंभीर बीमार के चलते बाहर अस्पताल में भर्ती है वही निर्मला मीणा हाल ही में कन्या छात्रावास में सहायिका वार्डन के नव पद पर लगी है ।जो अपनी ड्यूटी करने गई हुई थी सूचना मिलने पर सुबह घर आकर देखा तो ताला टूटा हुआ मिला और घर के समान बिखरे हुए मिले और कुछ सामान छोटी मोटी रकम ले उड़े वही कृष्णा पोरवाल के नए मकान से एक नई पानी की मोटर ले उड़े जो कि आप वीडियो के माध्यम से देख सकते है सूचना मिलने पर गंगधार थाना अधिकारी नंदकिशोर टीम के साथ पहुंचे और निशाना बनाए मकानो का निरीक्षण मौका मुआयना करने में जुटे ।इस दौरान सुनारी सरपंच प्रतिनिधि पप्पू सिंह,हरीश शर्मा सहित मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

# कोटा के 8 खिलाड़ी राष्ट्रीय वूशु प्रतियोगिता में करेंगे राजस्थान का प्रतिनिधित्व



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोयंबटूर तमिलनाडु में 26 जुलाई से आयोजित होने वाले जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित होने वाली 23वी राष्ट्रीय वूशु चैंपियनशिप में कोटा महाबली स्पोर्ट्स एकेडमी के 8 खिलाड़ी अलग अलग भार वर्ग में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोटा वूशु एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवभगवान गोदारा ने बताया कि बालिका वर्ग में खुशी गुर्जर, प्रियांशी गौतम, दिव्यांशी और यशिता कुमावत व बालक वर्ग में आदित्य भारती, प्रिंस शर्मा, नवदीप वर्मा व यश चौधरी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कोटा वूशु एसोसिएशन के महासचिव अशोक गौतम को राजस्थान टीम कोच नियुक्त किया गया है। सभी खिलाड़ियों को राजस्थान वूशु संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, भारतीय टीम कोच राजेश कुमार टेलर , कोच सुरज गौतम, कोटा दक्षिण महापौर राजीव अग्रवाल, जिला खेल अधिकारी मधु चौहान ने बधाई देते हुए प्रतियोगिता में बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई है।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# अवैध कोचिंग-ट्यूशन संस्थानों की जांच शुरू

## टीम जाकर खंगाल रही कागज

## एडीइओ के नेतृत्व में चल रही जांच कार्रवाई
## जिला कलक्टर ने कहा, हम नजर रख रहें हैं

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** स्कूल शिक्षा परिवार संगठन की तरफ से शहर में नियम विरुद्ध चल रहे कोचिंग-ट्यूशन संस्थानों की जांच कराने को लेकर जिला प्रशासन को दिए ज्ञापन के बाद गठित टीम ने जांच शुरू कर दी है। एडीइओ माध्यमिक के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय टीम ने संस्थानों के दरवाजे खटखटाना शुरू कर दिया है। डमी प्रवेश के साथ-साथ विद्यार्थियों की सुविधा और पढ़ाई का स्तर भी जांचा जा रहा है। पंजीयन सम्बन्धी कागज मांगे जा रहे है। डीइओ पन्नालाल बैरवा ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ सौम्या झा के निर्देश पर जांच अभियान शुरू किया गया है। निजी स्कूलों में डमी प्रवेश की जांच की जा रही है तो कोचिंग-ट्यूशन संस्थानों की सूची बनाई जा रही है। एडीइओ माध्यमिक प्रतिदिन की जांच रिपोर्ट दे रहे हैं। इसकी विस्तृत रिपोर्ट जिला कलक्टर को प्रस्तुत की जाएगी।

### जांच कराने का किया था आग्रह

निजी स्कूलों के संगठन स्कूल शिक्षा परिवार ने 16 जुलाई को जिला कलक्टर से मुलाकात की थी। संगठन के अध्यक्ष शब्बीर नागौरी, शिक्षाविद् गोरधन हिरोनी, कमलेश सिंगोदिया, रमेश काला सहित विभिन्न स्कूलों से जुड़े प्रतिनिधिमंडल ने विज्ञान के विद्यार्थियों को कोचिंग में पढ़ाने और स्कूलों में डमी प्रवेश देने की जांच कराने को कहा था। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्र सरकार के एक्ट का हवाला देते हुए कोचिंग-ट्यूशन संस्थानों की मनमर्जी का जिक्र करते हुए उनके पंजीयन करने और जिला स्तरीय कमेटी का गठन करने की मांग की थी।

### इनका कहना है

**टीम बनाकर जांच करा रहे हैं**
जिला कलक्टर के निर्देश पर एडीइओ माध्यमिक के नेतृत्व में टीम का गठन कर दिया गया है। टीम स्कूलों में डमी प्रवेश के साथ-साथ संस्थानों के विधिक पक्ष को भी देख रही है। इसकी विस्तृत रिपोर्ट जिला कलक्टर को प्रस्तुत की जाएगी।

**पन्ना लाल बैरवा, डीइओ**
**शिक्षा विभाग, टोंक**

**हम नजर रखे हुए हैं**
संगठन की तरफ से दिए गए ज्ञापन के बाद शिक्षा विभाग ने टीम का गठन कर जांच शुरू कर दी है। मसला गंभीर और बड़ा है तो जांच में समय लगेगा। हम सभी पहलुओं पर नजर रखे हुए हैं। नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

**डॉ सौम्या झा, जिला**
**कलक्टर, टोंक**







# राजस्थान में होंगे छात्रसंघ चुनाव! उच्च शिक्षा विभाग ने वार्षिक कैलेंडर में चुनाव का किया जिक्र

### छात्र बोले- हमें पूरा विश्वास चुनाव होंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में छात्र संघ चुनाव का इंतजार कर रहे स्टूडेंट्स के लिए अच्छी खबर है। राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जारी वार्षिक कैलेंडर में छात्रसंघ चुनाव और कार्यालय उद्घाटन का जिक्र किया है। राज भवन के अनुमोदन के बाद गुरुवार को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सामान मॉडल एकेडमी एवं अवकाश कैलेंडर जारी किया गया है।

इस कैलेंडर में राजस्थान में जुलाई से सितंबर के बीच छात्र संघ चुनाव और कार्यालय उद्घाटन का जिक्र किया गया है। इसके बाद छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे छात्र नेताओं ने सरकार के फैसले पर खुशी जाहिर की है। उच्च शिक्षा विभाग ने एकेडमिक कैलेंडर में एडमिशन से लेकर रिजल्ट तक के प्रारूप की जानकारी दी है ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है। कि राजस्थान सरकार जल्द चुनाव को लेकर सकारात्मक फैसला कर सकती है।

बता दें कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा वार्षिक कैलेंडर के निर्माण के लिए विशेष कमेटी का गठन किया गया था। जिसने प्रदेश में संचालित यूनिवर्सिटीज और कॉलेज के सालाना एडमिशन से लेकर रिजल्ट तक की प्रक्रिया का खाका तैयार किया गया है। इसमें वार्षिक अवकाश के साथ ही सेमेस्टर परीक्षाओं का जिक्र भी है।

हालांकि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए कैलेंडर में चुनाव कराने को लेकर किसी तारीख पर कोई फैसला नहीं किया गया है। बल्कि, जुलाई से सितंबर महीने के बीच सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन की तारीख पर चुनाव कराने का जिक्र किया गया है। ऐसे में अब आम छात्रों को सरकार द्वारा चुनाव की तारीख के ऐलान का इंतजार है।

# जयपुर समेत 6 जिलों में तेज बारिश : कोटा में अस्पताल के पास निर्माणाधीन दीवार गिरी; 7 जिलों में भारी बरसात का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में गुरुवार को बारिश हुई। भीलवाड़ा, टोंक, कोटा, जयपुर, सीकर, सवाई माधोपुर में तेज बारिश हुई। कोटा में बारिश के चलते रामपुर सैटेलाइट अस्पताल के पास एक निर्माणाधीन दीवार गिर गई। हालांकि किसी के चोट नहीं आई। मौसम विभाग ने 7 जिलों में बारिश का लर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने प्रदेश के टोंक, सवाई माधोपुर, दौसा, अलवर, करौली और धौलपुर में तेज बारिश हो सकती है। जबकि चूरू, हनुमानगढ़ समेत जैसलमेर और बाड़मेर को छोड़कर बाकी जिलों में हल्की बारिश होगी। सवाई माधोपुर के कई एरिया में आज सुबह बरसात का दौर जारी है।

वहीं, बुधवार को हुई तेज बारिश के कारण कोटा के रामगंज मंडी में एक मकान पर बिजली का तार टूटकर गिर गया। मकान में करंट फैलने से मां-बेटी की मौत हो गई। बुधवार को ही चूरू, अलवर, दौसा, करौली, सवाई माधोपुर जिलों में 2 लेकर 5 इंच तक बरसात हुई। चूरू में भी तेज बारिश से तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

### बिजली अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप

देवली गांव (रामगंज मंडी) के लोगों ने बताया कि मकान में करंट फैलने से महिला राजेश शर्मा (43) और बेटी ज्योति (21) की मौत हो गई। मकान में दूसरी मंजिल का निर्माण चल रहा है। मकान के पास ही बिजली पोल लगा हुआ है। इसी के कारण करंट फैला था। परिवार का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार इस पोल को दूसरी जगह शिफ्ट करने की शिकायत की थी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। मां-बेटी के शव गुरुवार सुबह मकान की सीढ़ियों पर मिले।

### हिल स्टेशन पर छाई धुंध, चलने लगे झरने

हिल स्टेशन माउंट शहर में पिछले 24 घंटे में डेढ़ इंच बारिश यानी 36.6 एमएम बारिश दर्ज की गई है। माउंट आबू से आबूरोड जाने वाले मार्ग पर भी छोटे-छोटे झरने चलने लगे है। शहर में लगातार हो रही बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। वहीं गुरुवार दिनभर यहां मौसम सुहाना बना रहा और धुंध छाई रही। गुरुवार को यहां अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को यहां का न्यूनतम तापमान 20.4 और अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



### पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा करौली में बारिश

पिछले 24 घंटे की रिपोर्ट देखे तो सबसे ज्यादा बरसात करौली में 127एम एम (5 इंच से ज्यादा) दर्ज हुई। यहां तेज बारिश के बाद सड़कों और बाजारों में पानी भर गया। करौली के महावीरजी में भी कल दोपहर बाद तेज बारिश हुई और यहां 102एम एम पानी गिरा। सवाई माधोपुर के वजीरपुर में 88, मलारना डूंगर में 42, जयपुर के बस्सी में 34, नागौर के डीडवाना में 44, भरतपुर के नगर में 34, दौसा के बसवा में 115, दौसा शहर में 85, चूरू के सरदारशहर में 71, अलवर के लक्ष्मणगढ़ में 88, बहादुरपुर में 46 और बीकानेर के छतरगढ़ में 45एम एम बरसात दर्ज हुई।

### 5 डिग्री तक गिरा पारा, उमस-गर्मी से राहत

राजस्थान के कई हिस्सों में हुई तेज बारिश से दिन का अधिकतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। चूरू, उदयपुर में आज अधिकतम तापमान 32 .5, सिरोही में 29 .9, करौली में 32 .7, सीकर में 32, अलवर में 30 .4, अजमेर में 32 .7 और राजधानी जयपुर में 33 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सबसे अधिक तापमान फलोदी में 39 .2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# मूसेवाला हत्याकांड में लॉरेंस का पार्टनर रहा जग्गू भगवानपुरिया गिरफ्तार

## राजस्थान पुलिस बठिंडा जेल से पकड़कर दौसा लाई, हथियार सप्लाई मामले में होगी पूछताछ

बढ़ता राजस्थान

**दौसा।** पंजाब में 2022 में सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में शामिल कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया को दौसा पुलिस ने सेंट्रल जेल बठिंडा पंजाब से गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर जग्गू पर मर्डर, हथियारों की खरीद फ़रोख़्त व मादक पदार्थों की तस्करी समेत कई अन्य मामलों के 100 से ज्यादा मुकदमें दर्ज हैं। जिसे कड़ी सुरक्षा के बीच बालाजी थाने लाया गया। थाना इंचार्ज गौरव प्रधान ने बताया- 30 जून को सूचना मिली थी कि जग्गू भगवानपुरिया गैंग का एक सदस्य हथियारों के साथ किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में मेहंदीपुर बालाजी आया हुआ है। इस पर पुलिस टीम ने दबिश देकर हेलीपैड के रास्ते के पास से एक जने को पकड़ा। पुलिस ने पकड़े गए शख्स जशनप्रीत सिंह निवासी गुरू की बड़ली अमृतसर की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चार पिस्टल, दो मैगजीन व 18 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस ने जशनप्रीत सिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो उसने स्वयं को जग्गू भगवानपुरिया गैंग का सदस्य होना बताया और हथियारों की सप्लाई की बात स्वीकार की। इसके बाद मेहंदीपुर बालाजी थाना पुलिस, क्यूआरटी, जिला स्पेशल टीम ने कुख्यात गैंगस्टर जगदीप उर्फ जग्गू भगवानपुरिया को बठिंडा सेंट्रल जेल से बुधवार को गिरफ्तार किया, जिसे लेकर टीम गुरुवार को दौसा पहुंची। पुलिस की ओर से आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से सात दिन की पुलिस रिमांड ली गई है। फिलहाल एसपी रंजीता शर्मा के निर्देशन में टीम उससे पूछताछ कर रही है।



पुलिस ने बताया- आरोपी से पूछताछ में हथियार सप्लाई चैन का खुलासा होने की संभावना है। साथ ही पंजाब के जरिए राजस्थान में होने वाले हथियारों की सप्लाई में बड़े नामों को लेकर भी जानकारी सामने आ सकती है।

## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# राजस्थान हाई कोर्ट होगा पेपरलेस, ई-सुविधा केन्द्र का हुआ उद्घाटन

## हाई कोर्ट बार ने कहा-फिज़िकल फाइलिंग की अनिवार्यता बंद हो, तभी पक्षकार को मिलेगा फायदा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट की मंशा के अनुसार राजस्थान हाई कोर्ट अब पेपरलेस होने की दिशा में आगे बढ़ रहा हैं। गुरुवार को हाई कोर्ट की जयपुर बैंच में सीजे एमएम श्रीवास्तव ने ई-सुविधा केन्द्र का उद्घाटन किया। इस ई-सुविधा केन्द्र में रियायती दरों पर कोई भी अधिवक्ता और पक्षकार अपने मामलों की ई-फाइलिंग कर सकते हैं।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद हाई कोर्ट ने 1 जुलाई से डिवीज़न बैंच (खंडपीठ) में लगने वाले सभी मामलों की ई-फाइलिंग अनिवार्य कर दी थी। वहीं आगामी 1 अगस्त से सिविल कैसेज की भी ई-फाइलिंग अनिवार्य हो जाएगी।

ई-सुविधा केन्द्र को लेकर रजिस्ट्रार सीपीसी बालकृष्ण गोयल ने बताया कि ई-सुविधा केन्द्र शुरू होने के बाद अब अधिवक्ताओं को कोर्ट परिसर में ही एक छत के नीचे ई-फाइलिंग की सुविधा मिलेगी। इस केन्द्र से रियायती दरों पर अधिवक्ता ई-फाइलिंग व ई-डाउनलोडिंग कर सकेंगे।

फिज़िकल फाइलिंग की अनिवार्यता बंद होने पर ही मिलेगा फायदा ई-सुविधा केन्द्र के उद्घाटन के मौके पर हाई कोर्ट बार के अध्यक्ष प्रह्लाद शर्मा ने कहा कि पेपरलेस होने की दिशा में ई-फाइलिंग एक अच्छा कदम है। लेकिन पक्षकारों को इसका पूरा फायदा तभी मिलेगा। जब ई-फाइलिंग के साथ-साथ फिज़िकल फाइलिंग की अनिवार्यता बंद हो।

उन्होने कहा कि ई-फाइलिंग शुरू होने के बाद भी हाई कोर्ट में फिज़िकल फाइलिंग करना अनिवार्य हैं। ऐसे में




पक्षकारों पर इसका डबल भार पड़ रहा हैं। उनका पहले की तरह ही फिज़िकल फाइलिंग का खर्चा तो लग रही रहा है। इसके साथ-साथ अब ई-फाइलिंग का खर्चा भी देना पड़ रहा हैं। हमने हाई कोर्ट बार की ओर से प्रार्थना पत्र लिखकर मांग की है कि पक्षकारों की सुविधा के लिए हाई कोर्ट प्रशासन फिज़िकल फाइलिंग की अनिवार्यता को बंद करे। जिससे पक्षकारों को वास्तविक लाभ मिल सके।